CMYK

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 82,330.59
निफ्टी 25,019.80
सोना 95,780
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 18 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 46 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते जज: गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीजेआई ने बार काउंसिल के इवेंट में कहा: न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बीसीआई के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डा. बीआर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई गवई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया।



### सुप्रीम कोर्ट में 26 मई से आंशिक कार्य दिवस


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने 'आंशिक कार्य दिवस' (पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश) के दौरान मामलों की सुनवाई के लिए 21 पीठों को नामित किया है। शीर्ष अदालत ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की है। उसके अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन पीठों को अधिसूचित किया, जो 26 मई से 13 जुलाई, 2025 तक आंशिक कार्य दिवसों (गर्मी की छुट्टियों) के दौरान सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत में 14 जुलाई, 2025 से फिर से नियमित कामकाज शुरू होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ सुनवाई करेंगी।

## देश के लिए वरदान होगा इसरो का नया मिशन

चेन्नई, वार्ता

**पीएसएलवी- सी**61/ईओएस-09 मिशन के रविवार (आज) को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई।

यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह 7:59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है। 321 टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में रविवार सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा। उल्टी गिनती के दौरान इसरो के चार-चरणीय और विश्वसनीय वाहन में प्रणोदक भरने का काम किया गया। यह मिशन इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा। इसरो ने कहा कि भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। मिशन पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को लगभग 549 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करेगा। यह छह स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फ़िगरेशन का 27वां संस्करण है और यह मिशन पेलोड और कक्षाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में विश्वसनीय प्रदर्शन देने के पीएसएलवी के रिकॉर्ड को जारी रखता है।



■ पीएसएलवी- सी 61/ईओएस-9 मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू

### दुनिया को भारत के कड़े रुख का संदेश देंगे सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** विभिन्न दलों के सांसदों के नेतृत्व में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया को आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने का भारत का कड़ा संदेश देने के लिए विभिन्न देशों में जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी और श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिवसेना करेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं।

### कांग्रेस ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए चार सांसदों के नाम सरकार को भेजे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए अपने चार सांसदों के नाम सरकार को भेज दिए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा से दो-दो सदस्यों के नाम इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिन सांसदों के नाम प्रतिनिधिमंडल के लिए भेजे हैं, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सांसद डा. सैयद नसीर हुसैन तथा राजा बरार शामिल हैं। शुक्रवार को सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात कर कांग्रेस से पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए पार्टी के चार सांसदों के नाम देने का आग्रह किया था।

## देशद्रोह:जासूस यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

### पाक को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी देने का आरोप

हिसार, वार्ता

**पाकिस्तान के** लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने पांच और अन्य आरोपियों को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

ज्योति पर आरोप है कि उसने भारत के सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' और सेना से जुड़ी कई गुप्त जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थीं. पूछताछ में ज्योति ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव से भी संपर्क में थी। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मई को उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही -शेष पृष्ठ दो पर



■ पुलिस ने ज्योति सहित छह लोगों को भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी देने के मामले में किया गिरफ्तार

### पाकिस्तानी अफसर दानिश से बात करती आई थी नजर

**नई दिल्ली।** ज्योति मल्होत्रा, ये वो नाम है, जो हरियाणा में काफी मशहूर था, लेकिन अब ये नाम देशभर में सुर्खियों में छा गया है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ज्योति मल्होत्रा दिल्ली में पाकिस्तान एंबेसी के अधिकारी दानिश से बात करती नजर आ रही है। ये वीडियो पिछले साल 28 मार्च 2024 को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित पाक एंबेसी में पाकिस्तान नेशनल डे पर इफ्तार पार्टी का है।

### पाक के नेशनल डे पर भी पहुंची थी ज्योति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लोगों से ज्योति मल्होत्रा की करीबी का आलम ये था कि उसे पाकिस्तान के नेशनल डे पर पाकिस्तान हाई कमीशन में निमंत्रित किया गया था। इसका एक वीडियो भी उसने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया था, जिसमें वह पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारियों और उनके परिवार के लोगों से भी बेहद घुलमिलकर बातचीत करती नजर आ रही है। ज्योति ने एक पाकिस्तानी अधिकारी के साथ हाल ही में इंडोनेशिया के बाली द्वीप की यात्रा भी की थी।

### कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्य और उत्तरी कश्मीर के जिलों में चल रही छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। यह घटनाक्रम एसआईए द्वारा 11 मई को दक्षिण कश्मीर में लगभग 20 स्थानों, विशेष रूप से पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में हाल ही में मारे गए छापों के बाद हुआ है। पहले की ये छापेमारी आतंकी साजिश मामले की एक उच्च-दांव जांच का हिस्सा थी, जिसमें कथित स्लीपर सेल पाकिस्तान में हैंडलर के संपर्क में पाए गए थे। आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा करने में शामिल थे।

## नासिक शहर 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित

नासिक, वार्ता

■ आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर पुलिस आयुक्त ने जारी किया आदेश

**महाराष्ट्र में नासिक** पुलिस आयुक्तालय ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर नासिक शहर को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है। आतंकवादी हमलों की आशंका और संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने यह आदेश जारी किया।

यह आदेश शुक्रवार से 31 मई तक लागू रहेगा और निर्देश के अनुसार, बिना अनुमति के कोई भी ड्रोन उड़ान नहीं भर सकेगा। नासिक पुलिस आयुक्तालय ने 2022 में आयुक्तालय की सीमा के भीतर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों की सूची जारी की है, जिसमें पुलिस, सेना, वायुसेना, प्रेस और मंदिर शामिल हैं। इस क्षेत्र सहित शहर में सभी जगह ड्रोन समेत उड़ने वाले उपकरणों के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। इस बीच, कई वर्षों से नासिक पुलिस आयुक्तालय की सीमा में बिना पूर्व अनुमति के ड्रोन नहीं उड़ाए जा रहे हैं। कि कोरोना काल में महाराष्ट्र पुलिस अकादमी परिसर में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की कोशिश की गई थी। उस समय पुलिस व्यवस्था ज्यादा सतर्क हो गई और जांच की गई, तब से ड्रोन के उपयोग पर प्रतिबंध बढ़ा दिए गए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को देश के 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया था। इसका असर राजधानी दिल्ली में नजर आया। जहां शनिवार दोपहर कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक शहर में लगभग एक मिमी बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए।

## आप की मुसीबत: दिल्ली में 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो


■ अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

'आप' के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढाई साल में हम लोगों का काम नहीं कर पाए। हमारा पूरा समय लड़ाई-झगड़े में बीता है। पार्षदों के इस्तीफे में कहा गया है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी के टिकट से चुने गए थे, लेकिन 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम सभी पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

### डा. बिंदु ने ड्रोन प्रौद्योगिकी केंद्र का किया उद्घाटन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की उच्च शिक्षा मंत्री डा. आर. बिंदु ने यहां ड्रोन प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का उद्घाटन किया। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत अतिरिक्त कौशल अधिग्रहण कार्यक्रम केरल द्वारा, अन्ना विश्वविद्यालय के एयरोस्पेस अनुसंधान केंद्र (सीएएसआर) के सहयोग से सीओई की स्थापना की गई है। सीओई में एएसएपी केरल का दूसरा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय मान्यता प्राप्त रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन है, जो कज़हक्कुट्टम के सामुदायिक कौशल पार्क स्थित है जिसमें राजधानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक समर्पित उड़ान मैदान है।




## तुर्की के दुर्दिन: ट्रैवल कंपनियों ने की यात्रा बुकिंग बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को सपोर्ट करने के कारण तुर्की का भारत में बॉयकॉट हो रहा है। न केवल ट्रैवल कैंसिलेशन बढ़े हैं, बल्कि सेब और मार्बल सहित तुर्की से इंपोर्ट किए जाने वाले हर सामान का बॉयकॉट किया जा रहा है।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने तुर्की और अजरबैजान के साथ व्यापार खत्म करने की घोषणा की। दिल्ली में हुई मीटिंग में देश के 24 राज्यों से बिजनेस लीडर्स ने भाग लिया। कैट ने गुरुवार को कहा था कि जो देश भारत के खिलाफ हैं उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्की-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में बॉयकॉट तुर्की और बॉयकॉट अजरबैजान शुरू हो गया है। भारत के ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म जैसे कि ईजमाईट्रिप और इक्सिगो ने सुरक्षा जोखिम और राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है। भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौते को निलंबित कर दिया। एएमयू ने भी शैक्षिक संबंध खत्म किए। पुणे के व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद करने का फैसला किया है। इसके बजाय वे हिमाचल, उत्तराखंड, ईरान और अन्य क्षेत्रों से सेब खरीद रहे हैं। उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने मार्बल का आयात रोकने का सरकार से आग्रह किया है। कानपुर के व्यापारियों ने 80 फीसदी ऑर्डर कैंसिल कर दिया है।




■ तुर्की के खिलाफ अभियान तेज, अब सेब व मार्बल पर लगी रोक

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के दबाव में नहीं किया पाक के खिलाफ मतदान: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने से संबंधित प्रस्ताव पर अमेरिकी दबाव में आकर मतदान से अनुपस्थित रहा जबकि उसे इसका विरोध करते हुए 'नहीं' के पक्ष में वोट करना चाहिए था। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर से अधिक के ऋण को मंजूरी देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पता चला है कि केवल भारत ने ही 9 मई को इस प्रस्ताव से संबंधित मतदान में भाग नहीं लिया और बाद में मोदी सरकार के समर्थकों ने तर्क दिया कि भारत के पास यही एकमात्र विकल्प उपलब्ध था। उन्होंने कहा कि यह गलत दावा है, क्योंकि कार्यकारी बोर्ड में वास्तव में 'नहीं' वोट करने का प्रावधान है। रूस ने सितंबर 2016 में यूक्रेन को ऋण प्रस्ताव पर 'नहीं' वोट दिया था और भारत ने खुद 11 सितंबर 2005 को जिम्बाब्वे के निष्कासन के मुद्दे पर 'नहीं' वोट दिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी सरकार ने देश से की गद्दारी: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। विदेश मंत्री खुद कह रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था। यह बेहद गम्भीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सामने आकर बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी क्यों की? उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री को लेकर इस समय जो खबर सामने आई है, उसने पूरे देश को स्तब्ध, हैरान और व्यथित कर दिया है। यह भारत माता और भारतीय सेना के साथ गद्दारी है, जो मोदी सरकार ने की है। आप नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से पहले ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं?

### हमारी लड़ाई पाक और वहां की जनता से नहीं: भूपेन्द्र चौधरी

**आजमगढ़।** यूपी के आजमगढ़ पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जिले में भारतीय सेना के सम्मान में पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा कुंवर सिंह उद्यान से शुरू होकर गांधी तिराहा, रैदोपुर तिराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, दीनदयाल तिराहा, अग्रसेन तिराहा होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान और वहां की जनता से नहीं है।

# भारत विरोधी देशों की आर्थिकी सशक्त न बनाएं: धनखड़

**नई दिल्ली, वार्ता**



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से संकट के समय भारत के खिलाफ खड़े होने तथा भारत के हितों के विरुद्ध काम करने वाले देशों की यात्रा करने और उनसे सामान आयात करने से बचने को कहा है।

धनखड़ ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं, जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है, जब हममें से प्रत्एक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे देश के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने का अधिकार है। हर व्यक्ति व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए और वह है राष्ट्र पहले। हर चीज को गहरी प्रतिबद्धता, अटूट प्रतिबद्धता, राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर माना जाना चाहिए। और यह मानसिकता हमें अपने बच्चों को पहले दिन से ही सिखानी चाहिए।

# यूपी पुलिस में फिर 48 एएसपी किए इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- विशाल पांडेय होंगे मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम
- राजेश कुमार श्रीवास्तव संभल उत्तरी के एएसपी
- चित्रकूट से चक्रपाणि त्रिपाठी का अयोध्या ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। इस बार एडिशनल एसपी रैंक के 48 पीपीएस अफसरों को इधर से उधर किया गया है। बड़ी बात यह कि रेप के आरोप में निलंबित एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव को एक बार फिर से डीजीपी के पीआरओ बनाया गया है। वह दो बार पहले भी डीजीपी रहे जावीद अहमद और ओम प्रकाश सिंह के पीआरओ रह चुके हैं। अपने रिटायरमेंट से ठीक पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने उन्हें तीसरी बार अपना पीआरओ बनाया है। उनकी इस तैनाती से महकमें में चर्चा तेज हो गई है।

उधर, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सुबोध कुमार श्रीवास्तव को 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ भेजा गया है। वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात ममता रानी चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात मनीषा सिंह को नोएडा कमिश्नरेट भेजा गया है। इसी तरह फिरोजाबाद में एएसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया को अमरोहा भेजा गया है। अमरोहा में तैनात राजीव कुमार सिंह द्वितीय को मथुरा का एएसपी सिटी बनाया गया है। बरेली में एएसपी एलआईयू प्रभात कुमार प्रथम को पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। झांसी के एएसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी को बरेली एलआईयू भेजा गया है। मथुरा के एएसपी सिटी डा. अरविंद कुमार को झांसी का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात राजेश कुमार श्रीवास्तव को संभल का एएसपी उत्तरी बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय में तैनात रंजन सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट, आगरा कमिश्नरेट में तैनात डा. राजीव कुमार सिंह को मेरठ का एएसपी एलआईयू, प्रतीक्षारत चल रहे राम अर्ज को अयोध्या का एएसपी एलआईयू बनाया गया है। सीतापुर में तैनात डा. प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। प्रतापगढ़ में एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह को सीतापुर में एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। आजमगढ़ के एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ का एएसपी पूर्वी बनाया गया है। बाराबंकी में एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। कुशीनगर में तैनात रितेश कुमार सिंह को बाराबंकी का एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। सीआईडी मुख्यालय में तैनात निवेश कटियार को कुशीनगर भेजा गया है। अलीगढ़ के एएसपी ट्रैफिक मुकेश चंद्र उत्तम को श्रावस्ती भेजा गया है, जबकि श्रावस्ती में तैनात प्रवीण कुमार यादव प्रथम को अलीगढ़ का एएसपी ट्रैफिक बनाया गया है।

चित्रकूट में तैनात चक्रपाणि त्रिपाठी को अयोध्या का एएसपी सिटी, फतेहपुर में तैनात विजय शंकर मिश्रा को पीएसी मुख्यालय, अमेठी में तैनात हरेंद्र कुमार को अंबेडकरनगर का एएसपी पश्चिमी बनाया गया है। जौनपुर में तैनात शैलेंद्र कुमार सिंह को अमेठी भेजा गया है। महराजगंज में तैनात आतिश कुमार सिंह को जौनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। सिद्धार्थनगर में तैनात सिद्धार्थ को महराजगंज, मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद को सिद्धार्थनगर भेजा गया है। अंबेडकरनगर में तैनात विशाल पांडेय को मुजफ्फरनगर का एएसपी क्राइम बनाया गया है।

## सीएम योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# यूपी के प्रत्येक मंडल में बनें आयुष कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**



- हर जिले में हेल्थ और वेलनेस सेंटर की योजना
- योग दिवस की तैयारी अभी से शुरू की जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्एक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए, ताकि कोई कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है, जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो। वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचालित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## व्यापम घोटाले में 11 दोषी करार

**सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन साल की कैद और 16 हजार का लगाया जुर्माना**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सबसे बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में भोपाल की सीबीआई विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पीएमटी परीक्षा 2009 से जुड़े मामले में 11 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। कोर्ट ने सभी दोषियों को तीन-तीन साल की कैद और 16-16 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए सख्त टिप्पणी की और कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस प्रकार की धोखाधड़ी समाज के लिए अत्यंत घातक है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला साल 2009 में गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा से जुड़ा है। इसमें फर्जी अभ्यर्थियों और सॉल्वरों की मदद से एडमिशन दिलाने की साजिश रची गई थी। चार फर्जी परीक्षार्थी, जिनमें विकास सिंह, कपिल पारटे, दिलीप चौहान और प्रवीण कुमार ने अपने स्थान पर सॉल्वरों को परीक्षा दिलवाई थी। वहीं, पांच सॉल्वरों ने नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, संजीव पांडे, राकेश शर्मा और दीपक ठाकुर ने असली अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दी थी। इस पूरे नेटवर्क का संचालन करने वाला मास्टरमाइंड सत्येन्द्र सिंह था, जिसने बिचौलिये की भूमिका निभाई। यह मामला समाने आने के बाद वर्ष 2012 में कोहेफिजा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आरोपियों पर धारा 419, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया। अब सालों बाद अदालत ने इन्हें दोषी पाया है।

# मानवता के लिए खतरा बना पाकिस्तान: औवेसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



- दुनिया के सामने खोलेंगे पाक की पोल

एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने पाकिस्तान के लंबे इतिहास को मानवता के लिए खतरा बताया और भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी भूमिका उजागर करने का आह्वान किया। वे केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भी शामिल हैं, जो आतंकवाद पर दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलेगा।

उन्होंने कहा कि मुहम्मद जिया-उल-हक के समय से लेकर कंधार विमान अपहरण, 26/11 मुंबई हमले, संसद पर हमला, उरी, पठानकोट, रियासी और हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों की हत्या तक पाकिस्तान की भूमिका साफ दिखाई देती है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की गुप्त सेना (डीप स्टेट) और आईएसआई लगातार भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश करते रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि 1947 में जम्मू-कश्मीर में कबायली हमलावरों को भेजना इसका पहला उदाहरण था। वे तब से यही कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। केंद्र सरकार द्वारा सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय राजधानियों में भेजने की योजना के तहत असदुद्दीन ओवैसी को भी एक प्रतिनिधिमंडल का सदस्य नामित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद विरोधी स्थिति को वैश्विक मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करना है। ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी की बात नहीं है, बल्कि भारत की बात है। मैं इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाऊंगा, जाने से पहले विस्तृत बैठक की जाएगी। पाकिस्तान द्वारा खुद को एक इस्लामिक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करने पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि भारत में करीब 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, पाकिस्तान का यह दावा बकवास है, दुनिया को यह भी बताना जरूरी है। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी पर भी ओवैसी ने नाराजगी जताई।

## अर्थ व्यापार

# कृषि व ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे कृषि मंत्री शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**



**आज नागपुर में होगी उच्च स्तरीय बैठक**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को नागपुर का दौरा करेंगे जहां वह विकसित कृषि पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा प्रमुख कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहेंगे।

चौहान इस अवसर पर राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे, जो डिजिटल कृषि में एक अग्रणी पहल है। इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो नागपुर, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह पहल कृषि नेटवर्क कार्यक्रम का हिस्सा है। कृषि मंत्री कपास की फसलों को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कीट पिंक बॉलवर्म के लिए एआई-आधारित स्मार्ट ट्रैप भी लॉन्च करेंगे। आईसीएआर-केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर द्वारा विकसित यह तकनीक कीट नियंत्रण के लिए उन्नत मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का लाभ उठाती है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को कृषि में उनके अभिनव योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी की स्थापना डिजिटल कृषि की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लाइब्रेरी पारंपरिक गीले रसायन- आधारित परीक्षण की जगह मिटी के विश्लेषण की एक संपर्क रहित, तीव्र और लागत प्रभावी विधि की सुविधा प्रदान करेगी। भारत के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले मृदा स्पेक्ट्रल डेटा को केंद्रीय मंत्री द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

### जलवायु-तकनीक स्टार्टअप को बढ़ावा देंगे डीपीआईआईटी और जीईएपीपी

**नई दिल्ली।** देश में स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु-तकनीक क्षेत्र की उद्यमिता को मजबूती देने के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने जीईएपीपी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी पर डीपीआईआईटी के डा. सुमीत जारंगल और जीईएपीपी के सौरभ कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारत को उसके नेट-जीरो लक्ष्य की ओर तेजी से ले जाने में मदद करेगी। यह दो साल की साझेदारी शुरुआती चरण के जलवायु-तकनीक स्टार्टअप को फंडिंग, मेंटरशिप, नेटवर्किंग और बाजार से जुड़ाव जैसे जरूरी संसाधन उपलब्ध कराएगी।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



- सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**देशद्रोह:**

थी। ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नजर थी। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। हिसार निवासी ज्योति अविवाहित है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है। वह अधिकतर समय दिल्ली में रहती है। छह मई को वह हिसार से दिल्ली गई थी। ज्योति के पिता हरीश कुमार मल्होत्रा बिजली निगम से सेवानिवृत्त हैं। ज्योति का पासपोर्ट 22 अक्टूबर 2018 को बना था। यह 21 अक्टूबर 2028 तक वैध है। ज्योति और उनके पिता के खिलाफ पुलिस में कोई पुराना मामला दर्ज नहीं है।

ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। फेसबुक और यूट्यूब पर उसके तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से वह 'ट्रैवल विद जो' नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है, जिसमें देश-विदेश की यात्राओं के वीडियो बनाती है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ब्लॉगर बन गई। ज्योति जिस भी देश में जाती है। वहां की खास जगहों और खाने और संस्कृति से जुड़ी वीडियो बनाती हैं और उन्हें अपलोड करती हैं। ज्योति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यूज भी काफी आते हैं। ज्योति की वीडियो में पाकिस्तान से जुड़े वीडियो भी हैं। इसके अलावा ज्योति ने हाल में ही हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर दर्शकों की प्रतिक्रिया वाले वीडियो भी बनाकर अपलोड किए थे। इसमें पाकिस्तान से आए हुए लोगों से बातचीत की वीडियो भी है। इसके अलावा ज्योति ने कश्मीर टूअर पर भी वीडियो बनाए हुए हैं, जिसमें सेना के लोगों को भी फिल्माया गया है।

# पूरा उप्र आया तपिश और लू की चपेट में

- जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार, 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा

**लखनऊ।** प्रदेश भीषण गर्मी से तप रहा है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ क्षेत्र में गर्मी और लू का प्रकोप और बढ़ने की आशंका है। इसके अलावा शुक्रवार को बहराइच, बलरामपुर में बूंदाबांदी हुई।

शनिवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी, दक्षिणी और बुंदेलखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। तराई के आठ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बांदा के सबसे गर्म होने का कारण बताया कि मध्य भारत के ऊपर प्रति चक्रवात की वजह से गर्म हवाओं का अधोगमन है। रेडिएटिव हीटिंग और संवेदी ऊष्मन साथ-साथ हो रहा है। गरम पछुआ भी तपिश में इजाफा कर रही है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी जारी की गई है। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

# कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) या नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन की अभी कोई रिपोर्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीमा पर हाल हुए संघर्ष के कारण नुकसान का आकलन किया जा रहा है और एक बार नुकसान आकलन रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद सरकार उसके अनुसार ही मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि हम अपने स्तर पर जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे और जहां भी हमें केंद्र सरकार की मदद की जरूरत होगी, मदद ली जाएगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सही कदम है। उन्होंने इसे भारत का पक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रखने का अच्छा मौका बताया और याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय संसद हमले के बाद भी ऐसा ही किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के नेता इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होंगे। अब्दुल्ला ने माना है कि पर्यटन क्षेत्र को जम्मू-कश्मीर को काफी नुकसान हुआ है और कहा कि इस बार की गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आए हैं। अब सरकार का ध्यान अमरनाथ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने पर है। यात्रा के बाद वे पर्यटन को फिर से बढ़ावा देने की योजना बनाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कंझावला में वारदात के बाद खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में एक कैब चालक की सिर्फ रास्ते को लेकर हुए विवाद में चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके रोहित नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक कैब चालक की पहचान इशराफ अली के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ वजीरपुर जे जे कॉलोनी में रहता था। कंझावला पुलिस को बीते वीरवार को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि एक लावारिस स्विफ्ट डिजायर कार के अंदर और बाहर खून पड़ा है,जबकि सावदा गांव में खेत में एक शव पड़ा हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंची। खून से सनी कार से लगभग ५० मीटर दूर खेतों में लगभग ४० वर्षीय एक पुरुष का शव पड़ा हुआ था। मृतक के माथे और हाथ पर कई धारदार कट के निशान थे। एक कट का निशान बायीं ओर पीठ पर भी पाया गया।

पुलिस ने शव को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। कार से मिले कुछ दस्तावेजों की सहायता से मृतक की पहचान जेजे कॉलोनी वजीरपुर, अशोक विहार के रहने वाले इसराफिल अली के रूप में हुई। इसराफिल के परिजनों को वारदात की जानकारी दी। जिन्होंने मोर्चरी में आकर शव की पहचान की। क्राइम टीम तथा एफएसएल टीम की सहायता से सबूत इक्ट्ठा किये। परिजनों ने बताया कि मृतक इसराफिल एक टैक्सी चालक है तथा उसकी टैक्सी किसी ने ऐप के माध्यम से रात लगभग ११ बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से बुक की थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। कैब कंपनी से बुकिंग का रिकॉर्ड लिया। जिसकी सहायता से झज्जर हरियाणा के रहने वाले रोहित को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसने रात लगभग ११ बजे, उसने इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से निजामपुर गाँव के लिए टैक्सी बुक की। सवारी के दौरान, निजामपुर के रास्ते के मुद्दे पर ड्राइवर इसराफिल को धमकाया और उसने इसराफिल ने भारी नशे की हालत में उसकी दाहिनी पीठ पर चाकू घोंप दिया था। जिसके बाद वह फरार हो गया था। पुलिस रोहित का क्रिमिनल रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## काला जठेड़ी के दो शूटर को हथियारों के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर गोगी-काला जठेड़ी गैंग के दो बदमाशों गोगी-काला जठेड़ी को बाहरी उत्तरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पिस्टल और दो कारतूस जब्त किये हैं। दोनों गैंगस्टर अक्षय पलाड़ा के संपर्क में थे और इलाके में आपराधिक प्रभुत्व स्थापित करने की योजना बना रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा के निर्देशन में एसआई डिंपी गुलिया, हेड कांस्टेबल आशाराम,नेतराम, दीपक और कांस्टेबल सचिन ने एक पुख्ता जानकारी के बाद मनसा देवी रोड से स्मृति वन की ओर जा रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर दोनों को पकड़ा था। पूछताछ करने पर पता चला कि अक्षत खत्री अपने चचेरे भाई अमित उर्फ कमांडर से प्रभावित था, जो गैंगस्टर अक्षय पलाड़ा का सहयोगी है। उनका इरादा गिरोह के प्रभाव को बढ़ाना और स्थानीय युवाओं को गोगी गिरोह में भर्ती करना था। इसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ २५ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के मालिक से पूछताछ की जा रही है। बिजेंद्र उर्फ गंजा लूट,डकैती और हत्या के प्रयास सहित ५ मामलों में शामिल रहा है।

# कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए है।

आरोपी दिल्ली में हत्या के प्रयास और सशस्त्र डकैती के दो सनसनीखेज मामलों में वांछित था।इसके अलावा वह पांच मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश कुमार और विनोद के नेतृत्व में टीम ने मैन्युअल जानकारी विकसित की और आरोपी परवीन/बाली (१९) से जुड़ी हर गतिविधि पर तकनीकी निगरानी बनाए रखी। इसी बीच टीम ने विशिष्ट गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, परवीन/बाली नामक आरोपी व्यक्ति का पता लगाकर उसे द्वारका के धोल सीरस चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए है।

पुलिस पूछताछ के दौरान,आरोपी ने बताया कि अपने किशोर वर्षों के दौरान, वह इंस्टाग्राम के माध्यम से कपिल सांगवान गैंग के सदस्य सुनील / शीला से जुड़ा था। वह जल्द ही आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हो गया। उसे पहले द्वारका जिले के पुलिस कर्मचारियों ने पूर्व पार्षद की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय वह नाबालिग था। हत्या की साजिश कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग ने रची थी, जो भारत के बाहर से काम करता था।

इस मामले से ध्यान आकर्षित होने के बाद, उसने स्थानीय सहयोगियों से मिलकर अपना गैंग बनाया और आसपास के इलाकों में शराब तस्करों और अन्य व्यक्तियों से जबरन वसूली करना शुरू कर दिया। वह वर्तमान में पुलिस स्टेशन सुल्तानपुरी (सशस्त्र डकैती) में वांछित है। आरोपी दिल्ली में हत्या के प्रयास और सशस्त्र डकैती के दो सनसनीखेज मामलों में वांछित था।

## एक नजर

### 16 वर्षीय किशोर की हत्या मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीलमपुर में एक सार्वजनिक पार्क में १६ वर्षीय एक लड़के की हत्या कर दी गई। हत्या के आरोप में एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना गुरुवार रात करीब ११:३० बजे सामने आई, जब पुलिस नियमित गश्त के दौरान सीलमपुर के सेंट्रल पार्क में दाखिल हुई और एक बेंच और वॉकवे के बीच खून से लथपथ किशोर का शव पड़ा मिला।

उसकी पहचान रेहान उर्फ घ्सीलमपुरिया के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ष्पुलिस ने तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन को सूचित किया, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।ष सीलमपुर पुलिस स्टेशन में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अपराध और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। अधिकारी ने बताया, ष्एक नाबालिग समेत दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। घटना के संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है।

### जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट का दीक्षांत समारोह संपन्न



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख मैनेजमेन्ट संस्थानों में से एक जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट ने अपने चार परिसरों- लखनऊ, नोएडा, जयपुर और इंदौर के लिए विशाल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में यह भव्य आयोजन किया गया। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सतत लर्निंग एवं देश के विकास-उन्मुख दृष्टिकोण पर रोशनी डाली। 'मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट के संयुक्त दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करने का अवसर मिला है। दीक्षांत समारोह छात्रों की यात्रा में बड़ी उपलब्धि होती है, लेकिन जरूरी है कि वे जीवन भर लर्निंग पर ध्यान दें, क्योंकि बदलाव होना स्वाभाविक है। आज हमारे पास ऐसी सशक्त प्रणाली और अनुकूल सरकारी नीतियां हैं जो युवाओं को अपनी पूर्ण प्रतिभा एवं क्षमता के सदुपयोग के लिए प्रेरित करती हैं। आने वाले समय में शैक्षणिक स्तर भारत के विकास को परिभाषित करेगा। समय आ गया है कि हम बड़े लक्ष्य तय करें, और एक साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।' उपराष्ट्रपति ने कहा। शरद जयपुरिया, चेयरमैन, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट ने कहा 'हम हमेशा से समाज को कुछ देने के लिए तत्पर रहे हैं। राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जयपुरिया परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए हम, अपने 8 दशकों की यात्रा का जश्न मना रहे हैं। यह दीक्षांत समारोह न सिर्फ अकादमिक उपलब्धियों का जश्न है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण मैनेजमेन्ट शिक्षा के माध्यम से भारत के विकास में योगदान देने के हमारे मिशन की भी पुष्टि बरता है।

### एक महीने के भीतर 76 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस के विभिन्न थानों की टीमों ने ७६ खोए हुए मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया है। ये बरामदगी पिछले महीने पुलिस थानों की टीमों द्वारा मोबाइल फोन का पता लगाने के लिए सीई आईआर पोर्टल का उपयोग करके किए गए केंद्रित प्रयासों का परिणाम है। दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि जिले की टीमों ने विभिन्न स्थानों से खोए हुए उपकरणों का पता लगाने और उन्हें पुनः प्राप्त करने के लिए तकनीकी संसाधनों और जांच विशेषज्ञता का लाभ उठाकर कर्तव्य पथ थाने के तहत ३८, तुगलक रोड के १०, तिलक मार्ग से ७, चाणक्य पुरी और साउथ एवेन्यू से (प्रत्येक) चार ,बाराखंबा रोड ,नॉर्थ एवेन्यू कनॉट प्लेस से (प्रत्येक) तीन ,मंदिर मार्ग से दो,संसद मार्ग और साइबर थाने से (प्रत्येक)एक मोबाइल बरामद किए है। इस प्रकार सभी थानों ने कुल ७६ मोबाइल बरामद किए है।इन मोबाइल फोन की बरामदगी नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित पीओ को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने स्पेशल सेल के एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली/एनसीआर की रेव पार्टियों में सप्लाई किए जाने वाले २.२ किलोग्राम अवैध प्रतिबंधित चरस/हशीश का स्रोत था। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि २६ मार्च.१४ को अनिल कुमार और अनिल लकी, अनिल के वाहन में एक रूसी नागरिक को २.२ किलोग्राम चरस की सप्लाई करने के लिए करोल बाग आए थे, जो दिल्ली/एनसीआर की रेव पार्टियों में प्रतिबंधित पदार्थ की सप्लाई करता था। उन्हें स्पेशल सेल के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया और बाद में २४.मई २०१४ को अनिल कुमार और अनिल लकी की निशानदेही पर दान सिंह को गिरफ्तार किया गया। मुकदमे के दौरान, आरोपी दान सिंह अदालती कार्यवाही से बचता रहा और बाद में कोर्ट द्वारा उसे पीओ घोषित कर दिया गया। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए केवल विशेष अवसरों पर वह अपने गांव आता था।इसी बीच १४ मई को, कांस्टेबल मनोज को एक गुप्त सूचना मिली कि एक भगोड़ा अपराधी जिसका नाम दान सिंह उर्फ घ्दानवीर सिंह उर्फ घ्दन्नू है, जो स्पेशल सेल थाने के एक एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित है।वह गांव बीआईआर, बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में आएगा।इस सूचना के मिलते ही एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन सिंह के नेतृत्व में एसआई रविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल पवन हुड्डा और कांस्टेबल मनोज की टीम ने गांव बीर, बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में अपना जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ लिया । पुलिस पुछताछ में पता चला कि आरोपी दान सिंह पढ़ाई छोड़ने के बाद बुरी संगत में पड़ गया और नशीली दवाओं और शराब का सेवन करने लगा।




दिल्ली नगर निगम ने 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' के अवसर पर साकेत स्थित सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में 'डेंगू की रोकथाम तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

# डेंगू दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' के अवसर पर साकेत स्थित सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में डेंगू और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह के निर्देशानुसार, निगम के सभी जोनों में इसी प्रकार के डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जोनल उपायुक्त, वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अपने संबोधन में आयुक्त अश्वनी कुमार महोदय ने प्रत्येक नागरिक से दिल्ली को 'स्वच्छ, हरित व डेंगू मुक्त' बनाने के लिए निगम का सहयोग देने का आग्रह किया। आयुक्त श्री अश्वनी कुमार ने कहा, ष्स्वच्छ, हरित और डेंगू मुक्त दिल्ली के लिए सामूहिक नागरिक भागीदारी की आवश्यकता है। आयुक्त अश्वनी कुमार ने घर पर गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए कम करने (रीड्युज), पुनर्चक्रण (रीसाईकिल) और पुनः उपयोग (रीयूज) के दृष्टिकोण को अपनाने पर जोर दिया। क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में निवासियों, आगंतुकों, गैर सरकारी संगठनों, आरडब्ल्यूए सदस्यों और दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित विभिन्न पृष्ठभूमि से ४०० से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रथाओं और डेंगू और मलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के लिए स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जनता को जागरूक करना है। कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी की थीम पर प्रसिद्ध संगीत समूह स्पिक मैके द्वारा शास्त्रीय संगीत प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में कव्वाली समूह ने अपने भावपूर्ण गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन एक सम्मान समारोह के साथ हुआ, जिसमें कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में निगम के साथ सक्रिय जुड़ाव के लिए विभिन्न बल्क वेस्ट जेनरेटर (बीडब्ल्यूजी) के प्रयासों को मान्यता दी गई, जिसका उद्देश्य निरंतर और बढ़ी हुई भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। दिल्ली नगर निगम सभी निवासियों को अभियान में शामिल होने, प्रदर्शनों में भाग लेने और सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता का समर्थन करने वाली प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# घुमनहेड़ा में 47 करोड़ की लागत से बनेगी गोशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के घुमनहेड़ा गांव में एक विश्व स्तरीय गौशाला के निर्माण की घोषणा की, जिसे लगभग ४७ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। इस अत्याधुनिक गौशाला में ५००० गायों के लिए व्यवस्था की जाएगी और यह राजधानी क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त गौशालाओं में से एक होगी।

इस अवसर पर गांव में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, गौरक्षकों, समाजसेवियों और स्थानीय नेताओं की उपस्थिति रही। मंत्री ने कहा कि यह परियोजना परंपरा और आधुनिकता के संगम का प्रतीक है, जो सरकार की "विकास भी ख्र विरासत भी" की सोच को मजबूत करती है।प्रस्तावित गौशाला का निर्माण लगभग २० एकड़ भूमि पर किया जाएगा। इसमें स्वचालित चारा वितरण प्रणाली, सोलर एनर्जी सिस्टम, वर्षा जल संचयन, और स्थल पर पशु चिकित्सा सुविधा जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। यह गौशाला गौसंरक्षण और कल्याण का आदर्श मॉडल बनेगी, जिसमें स्वच्छता, सतत विकास और प्रभावी प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, यहां जैविक खाद और पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण की व्यवस्था भी होगी, जिससे पारंपरिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण आजीविका को नया रास्ता मिलेगा।इस अवसर पर प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि "यह गौशाला न केवल हजारों गायों को सुरक्षित और सम्मानजनक आश्रय देगी, बल्कि जैविक खेती, गौ आधारित उद्योग और ग्रामीण उद्यमिता के लिए भी एक प्रेरणास्थल बनेगी। हम चाहते हैं कि विकास भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ा हो।"उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल होगी, जहां सौर ऊर्जा और जल संरक्षण जैसी तकनीकों का समावेश किया जाएगा।इसी अवसर पर मंत्री ने एक विशेष स्कूल भवन का भी भूमि पूजन किया, जिसे 'ह' आकार में बनाया जाएगा। यह अद्वितीय संरचना भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक होगी। यह विद्यालय आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय मूल्यों का समावेश करेगा, ताकि विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी प्राप्त हों। 'ह' के आकार में बनने वाला यह स्कूल आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनेगा।मंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि चरित्र, मूल्य और पहचान निर्माण की प्रक्रिया है। यह विद्यालय छात्रों को भारतीयता के गर्व के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

# ऑटो चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के गुलाबी बाग थाने की टीम ने कुख्यात ऑटो चोर-सह-स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो चोरी की स्कूटी बरामद की है। आरोपी पहले भी विभिन्न पुलिस थानों में लूट, स्नेचिंग आदि के छह मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि ८ मई को, एक ऑनलाइन ई-एफआईआर चोरी के संबंध में गुलाबी बाग थाने में दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान, शिकायतकर्ता ने कहा कि ०७ मई को रात के समय, उसने अपनी स्कूटी अपने घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उसने पाया कि उसकी स्कूटी किसी ने चुरा ली है।इस सूचना के मिलते ही एसीपी सराय रोहिल्ला विनीता त्यागी की देखरेख में एसएचओ गुलाबी बाग जगदीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और पाया कि ०८.मई की रात को लगभग ०२:१५ बजे, एक नकाब पहने व्यक्ति पैदल वहां आया और स्कूटी चुरा ली। इसके बाद, वह चोरी की गई स्कूटी पर भाग गया। इसके बाद टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज और गुप्त मुखबिर की मदद से आरोपी की पहचान राकेश उर्फ घ्छंगू (२८) के रूप में हुई। पुलिस टीम को यह भी सूचना मिली कि आरोपी राकेश उर्फ घ्छंगू किशनगंज रेलवे लाइन के पास आएगा। इसके बाद टीम ने किशनगंज रेलवे लाइन के पास एक रणनीतिक जाल बिछाया और उपरोक्त मामले में चोरी की गई स्कूटी के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपी राकेश उर्फ छंगू ने बताया कि वह एक नशा करने वाला व्यक्ति है और वह पिछले चार वर्षों से चोरी की गई दोपहिया वाहन पर अपराध कर रहा था। उसने आगे बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले, उसने अपराध करने के लिए मास्टर चाबी की मदद से किशन गंज के इलाके से एक स्कूटी चुराई थी। उसने यह भी स्वीकार किया कि लगभग डेढ़ महीने पहले, उसने एक और स्कूटी चुराई थी, जिसे उसने प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन के पास पार्क किया था।

# 6867 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मी बढ़ने के साथ ही दिल्ली में बिजली की मांग बढ़ने लगती है। इसी क्रम में शुक्रवार दोपहर ३:१७ बजे बिजली की अधिकतम मांग ६८६७ मेगावाट पहुंच गई, जो १६ मई तक अब तक बिजली की सर्वाधिक मांग का रिकॉर्ड है। डिस्कॉम के अनुसार इससे पहले १६ मई तक बिजली की इतनी अधिक मांग कभी नहीं पहुंची थी। पिछले वर्ष इसी अवधि में ६८५५ मेगावाट बिजली की मांग पहुंची थी। यह रिकॉर्ड भी इस बार टूट गया।

पिछले वर्ष गर्मी के मौसम में पहली बार दिल्ली में बिजली की मांग आठ हजार मेगावाट से पार पहुंच थी। तब बिजली की रिकॉर्ड मांग ८६५६ मेगावाट रही थी। बिजली वितरण कंपनियों का अनुमान है कि इस बार अब तक बिजली की जितनी अधिक खपत है उसे देखते हुए इस बार गर्मी में बिजली की मांग ९००० मेगा वाट पहुंच सकती है। इसे ध्यान में रखकर दिल्ली में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयार की गई है और बिजली की मांग को पूरा करने में करीब २१०० हरित बिजली की अहम भूमिका होगी। शुक्रवार को बीआरपीएल और बीवाईपीएल के इलाके में क्रमशः ३००४ मेगावाट और १४७९ मेगावाट अधिकतम बिजली की मांग रही। पिछले वर्ष बीआरपीएल के इलाके (पश्चिमी और दक्षिणी दिल्ली) में बिजली की अधिकतम मांग ३८०९ मेगावाट और बीवाईपीएल के इलाके (पूर्वी और मध्य दिल्ली) में बिजली की अधिकतम मांग १८८२ मेगावाट रही थी। इस बार दोनों इलाकों में बिजली की अधिकतम मांग क्रमशः ४०५० मेगावाट और १९०० मेगावाट पहुंचने का अनुमान है।

बीएसईएस का दावा है कि बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिक बिजली फाल्ट होने वाले हट-स्पाट की पहचान बिजली वितरण नेटवर्क को मजबूत किया है। ऑनलाइन लोड निगरानी सिस्टम भी शुरू की गई है। इसके तहत ट्रांसफर और ११केवी के फीडर लोड की निगरानी की जा रही है। दूसरी ओर टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के इलाके में शुक्रवार को अधिकतम २०४५ मेगावाट बिजली की मांग रही। इस बिजली वितरण कंपनी का दावा है कि बिना व्यवधान के बिजली की मांग पूरी की गई।



दिल्ली में आंधी बारिश के दौरान लेडी इरविन स्कूल के आगे टूटकर गिरे एक पेड़ का दृश्य।

# झपटमारी का मोबाइल रैकेट पकड़े जाने के बावजूद आरोपी बेखौफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लगभग 2 महीने पहले बरामद किए गए चोरी और झपट मारी के 41 मोबाइल बरामद होने के बाद केस दर्ज होने और आरोपी पकड़े जाने के बावजूद मुख्य आरोपी मुख्य आरोपी की दादा गिरी समझ से परे है। लोगों का कहना है कि प्रवीण की पहुंच ऊपर तक है इसीलिए खुला घूम रहा है। गौरतलब है कि गत 23 मार्च को, गोल्डन पार्क, रामपुरा के पास एक व्यक्ति एक बैग लेकर जा रहा था, जो कि हेड कांस्टेबल राजबीर और कांस्टेबल देवेन्द्र को देखकर मुड़कर भागने लगा। हालांकि, उसका पीछा करके उसे पकड़ लिया गया। पकड़ा गया व्यक्ति इस बात का संतोष जनक जवाब नहीं दे सका कि वह क्यों घूम रहा था। संदेह के आधार पर उसकी निजी तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बैग से 41 मोबाइल फोन और नेपाल की कुछ करेंसी बरामद हुई।

पूछताछ करने पर व्यक्ति की पहचान मोहम्मद हबीबी पुत्र मोहम्मद दाउद अंसारी निवासी ए-558, कृष्णा बस्ती, अमरपुरी, नबी करीम, पहाड़गंज, दिल्ली, उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई। जांच करने पर पता चला कि रियलमी का एक मोबाइल फोन ई एफ आई आर संख्या 80064188/24 यू/एस 457/380 आईपीसी, पीएस पंजाबी बाग में दर्ज है। उसके पास से बरामद मोबाइल फोन को जब्ती ज्ञापन के माध्यम से जब्त कर लिया गया। मोहम्मद हबीबी पुत्र मोहम्मद दाउद अंसारी को नेपाल में चोरी के मोबाइल फोन बेचने की योजना के बारे में खुलासा करने के बाद गिरफ्तार किया गया। तदनुसार, उपर्युक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान सह-आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आवेदक की एक दिन की पुलिस हिरासत प्राप्त की गई। आरोपी दिव्यांशु मुल्तानी ढांडा, पहाडगंज में एक मीट की दुकान पर गया और बताया कि यह दुकान आवेदक आरोपी की है, जिसने आरोपी प्रवीण के साथ मिलकर उसे चोरी का मोबाइल फोन आरोपी हबीबी को देने के लिए दिया था। इसके बाद आरोपी को जे.सी. भेज दिया गया।

## नाराज होकर घर से निकली पांच किशोरियों को परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता चार किशोरियों को सकुशल तलाशकर उनके परिजनों को सौंप दिया है। बीते २१ अप्रैल को पूठकलां,सुल्तानपुरी से लापता १७ साल की किशोरी को एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश के निर्देशन में एसआई विशाल गुप्ता, हेड कांस्टेबल अमित ने किशोरी मामा पिता,दोस्तों और रिश्तेदारों से संपर्क किया।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता के बाद किशोरी को भगत विहार, ककरोला इलाके से तलाशकर परिजनों को सौंप दिया। पूछताछ में पता चला कि किशोरी एक युवक के साथ रिलेशनशिप में थी, जिससे उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। जब उसके परिवार ने उससे रिलेशनशिप के बारे में पूछा, तो वह संदिग्ध के साथ घर से चली गई। पूछताछ में यह भी पता चला कि संदिग्ध पहले मंगोल पुरी इलाके में हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल था। एक अन्य मामले में पिछले साल १७ नवम्बर से नेताजी सुभाष पैलेस से लापता १५ साल की किशोरी पर दिल्ली पुलिस ने बीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। जिसको एक युवक के साथ जिला रीवा, मध्य प्रदेश से तलाशकर परिजनों को सौंप दिया। पूछताछ में पता चला कि वह वजीरपुर में बर्तन बनाने वाली फैक्ट्री में अपनी माँ के कार्यस्थल पर संदिग्ध के संपर्क में आई थी। उसके साथ वह दिल्ली से पानीपत (हरियाणा), सूरत और वडोदरा (गुजरात) होते हुए मध्य प्रदेश पहुँची थी। एक अन्य मामले में पिछले साल १५ दिसम्बर से समयपुर बादली से लापता किशोरी को गांव रसोई, सोनीपत, हरियाणा से सफलतापूर्वक बरामद किया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुठभेड़ में शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार

## पुलिस की बहादुरी से शहरवासियों को राहत

**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी क्षेत्र में गुरुवार रात हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक वांछित अपराधी को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। यह घटना आदित्य वर्ल्ड सिटी के पास उस समय हुई जब पुलिस रूटीन चेकिंग कर रही थी। पुलिस के अनुसार, एक संदिग्ध युवक काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर चेकिंग से बचने की कोशिश में भागने लगा। ग्राम शाहपुर बम्हैटा की ओर भागते समय उसकी बाइक एक बंद पुलिया से टकरा गई और वह गिर पड़ा। गिरते ही उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया।



घायल आरोपी को गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिए डासना सीएचसी भेजा गया। आरोपी की पहचान प्रवीण उर्फ परविन्द्र (25), निवासी ग्राम बयाना, थाना वेव सिटी के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथी पंकज के साथ मिलकर गाजियाबाद में लूट और चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसने 14 मई को आदित्य वर्ल्ड सिटी क्षेत्र में एक राहगीर से मोबाइल और घ1800 लूटने की वारदात में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

मौके से पुलिस ने एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और 1600 नकद बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पहले से ही पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मामले में जानकारी देते हुए एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है।

# घरेलू कलह से परेशान महिला नहर में कूदी, बचाने में डूबे सिपाही-दरोगा को गोताखोरों ने बचाया

**गाजियाबाद।** कौशांबी क्षेत्र में घरेलू कलह से परेशान एक महिला ने नहर में कूदकर जान देने की कोशिश की तो नहर में महिला की जान बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के दरोगा और सिपाही भी कूद गए। महिला की जान बचाने नहर में कूदे पुलिसकर्मी गहरे पाने में चले गए।

इस दौरान पास के गोताखोरों ने महिला को बचाते हुए दरोगा को बचा लिया। लेकिन सिपाही का कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद मामले की सूचना कौशांबी इंस्पेक्टर अजय शर्मा और अन्य पुलिस मौके को दी गई तो मौके पर पहुंचे पीएसी के गोताखोरों ने सिपाही तलाश की और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद सिपाही को बाहर निकाला। सिपाही अंकित तोमर को बाहर निकालने के बाद मैक्स अस्पताल दिल्ली में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कौशांबी में नहर में करीब 10 से 12 फीट पानी की गहराई है। गहरे पाने में ही सिपाही चला गया।

मौके पर मौजूद पीएसी के गोताखोर और आसपास के लोग बेहोशी की हालत में सिपाही अंकित को ऑटो से ही



अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इस दौरान आसपास के लोगों की भीड़ लगी रही।

वहीं दूसरी तरफ नहर में कूदने वाली महिला आरती से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया मैंने लव मैरिज की है। जहां मेरी सास ने मुझ पर जेवर चोरी का आरोप लगाया था। जब मैंने अपने भाई को कॉल किया तो मुझे भाई ने कहा कि हमारी तरह से तू मर गई। जिसके बाद मैं आत्महत्या करने के इरादे से नहर में कूद गई।

# विधायक ने किया निर्माण कार्यों का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया।

1. मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र की सिखेड़ा रोड पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्राईमरी स्कूल से चॉकलेट फैक्ट्री से सी एस पी एल होते हुए नाले तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का माननीय विधायक डॉ मंजू शिवाच जी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

जिसकी लंबाई 820 मीटर एवं लागत मूल्य 94.60 लाख रुपये है।

2) मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगला मूसा में विधायक निधि द्वारा मदरसे से ताज महोम्मद के घर तक 'इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने उद्घघाटन किया।

जिसकी लम्बाई 120 मीटर एवं लागत मूल्य 9.35 लाख रुपये है।

विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव संकल्पित हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगे भी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।

# पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ के आदेश पर होगी क्रिमिनल की 'केवाईसी'

**गाजियाबाद।** बैंकों में ग्राहकों की पहचान के लिए अपनाई जाने वाली केवाईसी प्रक्रिया को अब गाजियाबाद पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए लागू किया है। इस नई पहल के तहत इसे नाम दिया गया है केवाईसी इस अभियान की शुरुआत गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़ के नेतृत्व में की गई है, जिनका उद्देश्य है पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी तथा डेटा-ड्रिवन बनाना। गाजियाबाद पुलिस अब बीते 10 वर्षों में दर्ज अपराधियों का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार कर रही है। इस डेटा का विश्लेषण कर यह देखा जाएगा कि कौन से अपराधी सक्रिय हैं और कौन अपराध से दूर हो चुके हैं। जो अपराधी पिछले कुछ वर्षों से आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई पर रोक लगाई जाएगी, लेकिन जो अपराध में लगातार सक्रिय हैं, उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सुरेविन स्कूल में सीबीएसई की इंटरमीडिएट कक्षा के विभिन्न वर्गों के मेधावी छात्र छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए इस अवसर पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही पेंटिंग विषय में शत100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सिमरन, ईशा, शांभवी, हिमांशी, हर्षित, यश शर्मा को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.रीता वार्ष्णेय, डॉ शिखा दरबारी द्वारा सभी छात्रों एवं अभिभावकों को बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी शिक्षकों एवं





अभिभावकों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के इस रिजल्ट को इसका फल बताते हुए सभी के श्रेष्ठ कार्य की सराहना की और साथ ही स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता के द्वारा सभी के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने समक्ष उपस्थित कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को उनके सामने अपने अनुभव को साझा किया गया और अपने अभिभावकों के लिए कृतज्ञता भरे शब्दों का प्रयोग कर उनका धन्यवाद किया गया और अभिभावकों के द्वारा भी इस अवसर पर स्कूल एवं शिक्षकों के प्रति अभिवादन प्रस्तुत किया गया।

# यूपी सरकार की इस योजना का लाभ उठा रहे बेरोजगार, ऋण पर मिलेगी भारी सब्सीडी

**गाजियाबाद।** उक्त पर उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना अंतर्गत जनपद के ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर आवेदन कराए जाने हेतु निरंतर प्रचार प्रसार किया जा रहा है एवं पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों को एक से दो दिन के अंदर ही स्क्रूटनी करते हुए बैंकों को प्रेषित किया जा रहा है तथा कार्यालय के क्षेत्राधिकारियों एवं उक्त योजना हेतु जनपद में तैनात जिला प्रबंधक, मुख्यमंत्री युवा फेलो तथा कार्यालय में तैनात स्टाफ के माध्यम से संबंधित शाखा प्रबंधकों/जिला समन्वयकों, बैंक से समन्वय स्थापित कर बैंकों को प्रेषित किए गए आवेदनों पर स्वीकृत की कार्यवाही कराई जा रही है।

साथ ही उक्त योजना अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदक को सुविधा एवं उन्हें आवे. दन करने में आ रही समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु कार्यालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है, जिसके अंतर्गत आवे. दक को परियोजना की एवं योजना की समस्त जानकारी प्रदान करते हुए आवेदन कराए जा रहे हैं। यदि किसी आवेदक को बैंक से ऋण प्राप्त करने में कोई समस्या आती है, तो कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गाजियाबाद द्वारा तत्काल संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर आवेदक की समस्या का निस्तारण कराया जाता है।

उपयुक्त उद्योग द्वारा अपील की गई की उक्त योजना अंतर्गत मैन्युफैक्चरिंग सर्विस श्रेणी जैसे : जैसे बुटीक कार्य, गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मशीनरी पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग, फेब्रिकेशन, वेल्डिंग कार्य, कार्पेंट्री वर्क, वुडन फर्नीचर वर्क, ब्यूटीशियन पार्लर, कंसलटेंसी सर्विसेज, साइबर कैफे, रेस्टोरेंट, टेंट हाउस सर्विसेज, वीडियोग्राफी सर्विसेज, शटरिंग कार्य, अचार मुरब्बा मैन्युफैक्चरिंग, टिफिन सर्विस, डेरी प्रोडक्ट जैसे दूध घी मक्खन मलाई आदि बनाना, ऑयल एक्सपेलर, आटा चक्की, ग्राइंडिंग स्पाइसेज, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, एसी फ्रिज रिपेयरिंग, मोटर वाइंडिंग, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर कार्य , हलवाई ,स्वीट मैन्युफैक्चरिंग, फास्ट फूड सर्विसेज, फूल माला मैन्युफैक्चरिंग, घड़ी मरम्मत, कूलर पंखा आदि मैन्युफैक्चरिंग, चश्मा रिपेयरिंग, डेंटल, फिजियोथैरेपी सेंटर, डायग्नोस्टिक सेंटर, लैब्स, दोना पत्तल मैन्युफैक्चरिंग, बुक बाइंडिंग, पेपर प्रिंटिंग, कोरूगेटेड बॉक्स इत्यादि हेतु आवेदन किया जा सकता है। उक्त योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से 40 वर्ष तक के व्यक्ति/युवा आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजना में न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता आठवीं पास रखी गई है। उक्त योजना अंतर्गत रुपए 5 लाख तक के उद्योग सेवा परियोजनाओं पर 100% ब्याज मुक्त एवं बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना लागत पर 10% मार्जिन मनी अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। उपयुक्त उद्योग और राजेश गुप्ता द्वारा सभी मीडिया बंधुओ से अपील की गई की वह उक्त योजना अंतर्गत आवेदन करने हेतु पात्र लाभार्थियों को अपने स्तर से भी जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक युवा उक्त योजना का लाभ उठा सकें। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना की समीक्षा जिलाधिकारी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा भी प्रत्येक 15 दिवस में बैंक वार की जा रही है।

# बिजली कटौती के विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, रातभर मचा हंगामा

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में बढ़ती गर्मी के बीच बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गदाना और खंजरपुर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने रात एक बजे मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि शाम 6 बजे से बिजली आपूर्ति बाधित थी और रात 11 बजे तक भी सप्लाई बहाल नहीं की गई।

गदाना स्थित बिजली सब स्टेशन पर बिजली मौजूद होने के बावजूद गांवों में आपूर्ति नहीं पहुंच रही थी। जब सब स्टेशन पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला तो ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गर्मी शुरू होते ही बिजली की ट्रिपिंग आम हो गई है, जिससे नींद और रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। गदाना सब स्टेशन से दो दर्जन से अधिक गांवों को बिजली आपूर्ति होती है।

जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलने की मांग पर अड़े रहे। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मामले में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि "स्थानीय फॉल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे ठीक कर लिया गया है और अब सप्लाई सुचारु है।

# 'मां-पा कम सून' की कहानी ने झकझोरा अभिभावकों का दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें कक्षा चार व छह तक के लगभग 130 छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम दो पारी में संपन्न हुआ। विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने अपने स्वागत भाषण से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि इस समारोह के माध्यम से हमारे छात्रों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता, सहनशीलता और आपसी सहयोग की भावना का विकास हुआ। समारोह को मुख्य अतिथि डॉ. गुंचा अरोरा मोहन रहो।

समारोह क प्रारंभ में छात्रों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें विद्यालय की सफलताओं का उल्लेख किया।



समारोह का विशेष आकर्षण उसकी कहानी श्माँ-पा कम सूनश थी, जो विजय तेन्दुलकर रचित श्बॉबी की कहानीश से प्रेरित थी, जिस अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया था। नाटक की कहानी यथाथ के धरातल पर खड़ी होकर उन सभी अभिभावकों को संदेश देती है जो अपने लक्ष्य और सपनों को साकार करने के कारण अपने ही बच्चों की कोमल भावनाओं से अवगत नहीं होते हैं। ऐसे में वह बच्चा अकेलेपन का शिकार होकर अपनी अलग दुनिया बनाने की कोशिश करता है। वह सपनों की दुनिया में रहकर बाहरी वातावरण से भी अपना सामंजस्य नहीं बिठा पाता है। अपनी गलती का एहसास होने पर माता-पिता उसे स्वयं से जोड़ने में सफल हो जाते हैं। यह प्रस्तुति अभिनय व संगीत का मिश्रण थी। मंच पर सभी छात्रों ने अपने मार्मिक अभिनय से सभी के दिलों को झकझोर दिया। मोहक नृत्यों ने इस प्रस्तुति में जान डाल दी।

कार्यक्रम के अन्त में डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, छात्रों के अभिनय की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित आगन्तुकों ने छात्रों के अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## एक नजर

### भारत-पाक संघर्ष पर

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्तरहीन कवरेज: सिकंदर यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों हुऐ भारत पाक का संघर्ष कई मायने में विशेष रहा, जिस प्रकार का शौर्य भारतीय सेना ने दिखाया वो अभूतपूर्व था, सारी दुनिया भारत की तकनीक व सटीक हमले देखकर दंग रह गयी, जिस प्रकार भारत ने पाकिस्तान के सभी एयर फोर्स स्टेशनों को निशाना बनाया और साथ ही साथ भारत की अचूक रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के अधिकतर हमले नाकाम कर दिये।



जहां भारत ने पाकिस्तान के हर महत्वपूर्ण स्थल पर हमले किये वहीं पाकिस्तान के ड्रोन बॉर्डर से आगे नहीं बढ़ सके, हालांकि अचानक हुए सीज फायर के कारण अभी ज्ञात नहीं है, जबकि ये स्पष्ट है कि भारत का पड़ला पूरी तरह से भारी था, इस संघर्ष को रिपोर्ट कर रहा भारतीय मीडिया खासकर टीवी चौनलों की रिपोर्टिंग का स्तर बहुत निमन रहा, पाकिस्तान ही नहीं पूरी दुनिया हमारे चौनलों की रिपोर्टिंग का आज तक मजाक बना रही है.

उदाहरण के तौर पर भारतीय चौनल दिखा रहे थे कि भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गयी है और कह रहा था कि पी.ओ.के में कब्जा कर लिया, एक चौनल बता रहा था कि कराची नष्ट हो चुका है, एक चौनल ने तो यहां तक कह दिया कि पाकिस्तान सेवा प्रमुख मुनीर को बंदी बना लिया, कोई कह रहा था कि पाकिस्तान में तख्ता पलट हो गया, इन रिपोर्ट्स को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि भारतीय चौनल सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक व झूठी खबरों के आधार पर रिपोर्ट कर रहा था, ये भारत जैसे लो. कतांत्रिक राष्ट्र के लिए शर्मनाक है।

जहां एक ओर भारतीय सेना विश्व की बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल कर, दुनिया को अचंभित कर रही थी वहीं भारतीय मीडिया इस तरह की गैर प्रमाणिक न्यूज चलकर भारत की साख गिर रहे थे, पहलगाम हमले के बाद से ही अधिकांश भारतीय चौनल इसे धार्मिक एजेंडा की तरह चल रहे थे, भारतीय चौनल यदि इस प्रकार की रिपोर्टिंग करते रहे तो बहुत जल्द ही लोगों का थोड़ा बहुत विश्वास जो अभी बचा है वह भी समाप्त हो जाएगा।

जिस प्रकार संघर्ष विराम हुआ उसे लेकर भारत व अन्य दुनिया के विशेषज्ञ भी आश्चर्य में है, क्योंकि जब ट्रंप द्वारा इसकी घोषणा की गई तब तक भारत की फौज हर तरह से पाकिस्तान पर हावी थी, इसको लेकर सवाल उठाते रहेंगे। साथ ही इस संघर्ष से भारतीय विदेश नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं कि चीन व तुर्की ने जिस प्रकार पाकिस्तान का साथ दिया, भारत के साथ एक भी देश इस प्रकार खड़ा नहीं हुआ जो कि भारत की साख को धक्का लगने वाली बात है।

क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी वर्षों से ये जाता रहे हैं कि भारत के संबंध विदेश में पहले से मजबूत हुए परंतु इस बार ऐसा कहीं नहीं दिखा और तो और जिस ट्रंप को मोदी जी अपना मित्र बताते हैं उसने भारत को पाकिस्तान के समतुल्य रखा और दोनों देशों को महान बताया।

### इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की

# यूपीएसआईडीए के सीईओ मयूर माहेश्वरी से शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** यूपीएसआईडीए के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने होटल कंट्री इन साइट-4 साहिबाबाद में साइट-4 साहिबाबाद के औद्योगिक संगठनो इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद व साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। सीईओ को संगठन के पदाधिकारियो ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। यूपीएसआईडीसी द्वारा औद्योगिक इकाइयों से लिए जाने वाले मेंटेनेंस चार्ज जो काफी बढ़ा दिया गया है तथा विस्तार से चर्चा की गई, जिसके लिए आर.एम. यूपीएसआईडीसी को आदेश दिया कि वह औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियो के साथ एक मीटिंग करके पुन मूल्यांकन पर चर्चा करे। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 सौर ऊर्जा मार्ग में बृज विहार नाले के ऊपर बनी पुरानी और क्षतिग्रस्त पुलिया को तोड़कर नई पुलिया का निर्माण UPSIDC द्वारा कराया जा रहा है



जिसके लिए ट्रैफिक रुट बदलाव किया गया है रूट बदलाव किए हुए सड़क जो काफी सतिग्रस्त है उसको तुरंत मरम्मत कराई जाने का आदेश दिया।

साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 यदू गैस एजेंसी के पास पार्क की जमीन पर भू माफिया द्वारा किए हुए अवैध कब्जे पर एफआईआर दर्ज कराई गई। साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में धीमी गति से हो रहे सड़क निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था न होना, औद्योगिक क्षेत्र में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था नहीं है नाला नाली समुचित तरीके से नहीं बने हैं। वर्षा के दौरान जल भराव, सड़कों के निर्माण व मरम्मत बेहतर पेयजल के इंतजाम न होने की समस्या, औद्योगिक क्षेत्र में हाई मास्ट लाइट और रोड लाइट की भी बेहतर व्यवस्था न होने, मेंटेनेंस चार्ज लेने के बाद भी व्यवस्था अच्छी नहीं होने की शिकायत की। सीईओ साहब ने साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में जल्द ही सौर ऊर्जा मार्ग पर वसुंधरा की तरफ से आने वाले व कौशांबी की तरफ से आने वाले, दोनों स्थानों पर प्रवेश द्वार बनाने की जानकारी दी है औद्योगिक क्षेत्र में साफ सफाई वह नए सौंदर्यकरण के किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। औद्योगिक क्षेत्र की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि उद्यमियों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने और त्वरित कार्यवाही भी करें तथा ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी उन्होंने बताया कि आप सभी प्रमुख सेवाएं लेख संबंधी, परिवर्तन, भवन मानचित्र की स्वीकृति, उत्पादन प्रारंभ करने की सूचना देना संपत्ति को किराए पर देने की अनुमति भुगतान प्रक्रिया आदि सुविधाएं ऑनलाइन दी जा रही हैं यह सभी सुविधाएं पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

जिसमें इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद के अशोक चौधरी अध्यक्ष, संजय गर्ग, प्रवेश चतुर्वेदी, एम एस रावत, सुनील कुमार उपस्थित रहे, साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन आरके शर्मा, अध्यक्ष दिनेश मित्तल, महासि. चव मुकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अजीत तोमर, चरणजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। यूपीएसआईडीसी के डीजीएम आरएस यादव, प्रदीप सत्यार्थी आरएम, सोनू पांडे मैनेजर सिविल निर्माण, आशीष तोमर अधिशासी अभियंता इलेक्ट्रिक तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मी की चलती बाइक में लगी आग, कूदकर बचाई जान

**गाजियाबाद।** मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। यह घटना हापुड़ न्यायालय में तैनात पुलिस कर्मी सोनू उपाध्याय के साथ उस वक्त हुई जब वह गदाना पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर लौट रहे थे।

घटना सीकरी रजवाहे मार्ग पर यू-टर्न लेते समय हुई, जब बाइक में अचानक आग भड़क उठी। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे घबराकर सोनू ने तुरंत बाइक से छलांग लगाई और समय रहते अपनी जान बचा ली।

घटना आबादी वाले क्षेत्र में होने के कारण स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए और आग बुझाने में जुट गए। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी।

सोनू उपाध्याय वर्तमान में गांव सीकरी में किराए के मकान में रह रहे हैं। घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी।

# मकान की छत गिरने से सास बहू व दो बच्चे घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी स्थित एफ ब्लॉक में अचानक से एक मकान की दीवार पड़ोस के घर पर गिर गई। हादसे में महिला उसकी सास और दो बच्चे घायल हो गए। जिनको तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक एफ ब्लॉक, मानवता चौक के पास शाहबाद डेयरी में मकान की दीवार गिरने की पीसीआर कॉल हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के आने से पहले ही कांता देवी (६४) बेटी बेबी (३२) बेटी की बेटी मन्नू (८)और बेटा अंशू (११) को परिवार वालों ने पहले ही नजदीक के अस्पताल में भर्ती करावा दिया था। बेबी के सिर में जबकि बेटा बेटी के के हाथ पैर गंभीर चोट लगी। बेबी के पति बिमलेश ने बताया कि पड़ोसी की दीवार उनके घर पर गिर गई थी। हादसे के वक्त सभी घर में ही बैठे हुए थे। सास तो परिवार से मिलने आई थी। दीवार गिरने के बाद चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने काफी सावधानी से चारों को बाहर निकाला। जिनके शरीर पर धुल लगी हुई थी। पत्नी अचेतावस्था में थी। सास,पत्नी और दोनों बच्चों को तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी हालत स्थिर बताई थी। बिमलेश ने बताया कि पिछले काफी समय से पड़ोसी को बोल रहा था कि दीवार को पूरा बना लो। कभी भी हादसा हो सकता है,क्योंकि दीवार गिरी तो हमारे घर पर ही गिरेगी। पड़ोसी ने हर बार हमारी बात को अनसूना कर दिया था। आज ये हादसा हो गया। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

## आम आदमी पार्टी में बिखराव दर्जनभर से ज्यादा ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के १३ पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। बागी पार्षदों ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। एमसीडी में बागी नेताओं ने अलग गुट बनाया है। आम आदमी पार्टी से इन निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने का फैसला किया है। हेमचंद गोयल के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बनाने का फैसला किया गया। मुकेश गोयल पार्टी के अध्यक्ष होंगे। बागी पार्षदों ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया है कि जनता से जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। २०२२ में वे आम आदमी पार्टी के टिकट पर एमसीडी में पार्षद चुने गए थे। लेकिन एमसीडी की सत्ता में आने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने के शीर्ष नेतृत्व एमसीडी की सुचारू ढंग से नहीं चला पाया। जिन पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया है उनमें हेमनचंद गोयल, दिनेश भारद्वाज, हिमानी जैन, उषा शर्मा, साहिब कुमार, राखी कुमार, अशोक पांडेय, राजेश कुमार, अनिल राणा, देवेंद्र कुमार, का नाम शामिल है। आप से इस्तीफा देने पर हिमानी जैन ने कहा, ष्हमने नई पार्टी बनाई है, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी। हमने आप से इस्तीफा दे दिया है। पिछले २.५ साल में निगम में कोई काम नहीं हुआ जो होना चाहिए था। हम सत्ता में थे, फिर भी हमने कुछ नहीं किया। हमने नई पार्टी बनाई है क्योंकि हमारी विचारधारा दिल्ली के विकास के लिए काम करना है। हम उस पार्टी का समर्थन करेंगे जो दिल्ली के विकास के लिए काम करेगी। अब तक १५ पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं। और भी शामिल हो सकते हैं।

# जमीन नहीं हवा में करता है चीनी नागरिक गैंग चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** जमीन पर तो चोरी होती रहती हैं,लेकिन हवा में हवाई जहाज में चोरी की योजना बनाकर चोरी करने की बात कुछ अजीब लगती है,लेकिन ये सच है। आईजीआई पुलिस ने एक ऐसे अंतर्राष्ट्रीय चीनी चोरों के गैंग का पर्दाफाश किया है,जो हवाई जहाज में जाकर सो रहे यात्रियों का कीमती सामान चोरी कर लिया करते थे। जिनकी पहचान बेनलाई पैन,मेंग गुआंगयांग,चांग मांग और लियू जी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बेनलाई पैन को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके बाकी साथियों की वारदात में भूमिका के बारे में पूछताछ की जा रही है। उनका पिछले १२ महीनों के यात्रा डेटा की जांच की जा रही है ताकि समूह को अन्य एयरलाइनों और मार्गों पर रिपोर्ट की गई इसी तरह की अनसुलझी इन-फ्लाइट चोरी से जोड़ा जा सके। यह पता लगाने के लिए वैश्विक प्रवर्तन एजेंसियों के साथ संपर्क किया जा रहा है कि क्या यह समूह किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय चोरी सिंडिकेट का हिस्सा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार को,एयर इंडिया, टर्मिनल-३, आईजीआई एयरपोर्ट की सुरक्षा और सतर्कता टीम ने हांगकांग से नई दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-३१५ पर संदिग्ध गतिविधि के बारे में दिल्ली पुलिस को सतर्क किया। उड़ान के दौरान चोरी की यात्री शिकायतों के आधार पर चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने के बाद अलर्ट जारी किया गया था। पुलिस टीम तुरंत टर्मिनल-३ के आगमन हॉल में पहुँची, जहाँ उन्होंने संबंधित एयर इंडिया कर्मचारियों और कई यात्रियों से मुलाकात की।

सीट नंबर १२सी पर बैठे प्रभात वर्मा ने बताया कि केबिन क्रू ने उन्हें उनके ओवरहेड बैगेज के आसपास संदिग्ध गतिविधियों के बारे में चेतावनी दी थी। बैग की जांच करने पर पता चला कि बैंक ऑफ अमेरिका क्रेडिट कार्ड गायब था। उन्होंने सीट नंबर १४सी पर बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति को भी देखा, जिसकी बाद में पहचान बेनलाई पैन के रूप में हुई, जिसे वह सीट नहीं दी गई थी, लेकिन मूल रूप से उसे सीट नंबर २३सी के लिए टिकट दिया गया था। गुम हुआ कार्ड सीट नंबर १४सी के नीचे पाया गया। इसी तरह से १४ए पर बैठी प्राशी ने यह भी पाया कि उसकी माँ का एचडीएफसी डेबिट कार्ड उसके बैग से गायब था। एक अन्य महिला यात्री नफीज फातिमा, एक वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ आगे आईं, जिसमें बेनलाई पैन को केबिन बैगेज खोलते और कथित तौर पर साथी यात्रियों के निजी सामान की जांच करते हुए कैद किया गया था।

पुलिस ने सभी चारों चीनी नागरिकों को हिरासत में ले लिया। एसीपी वीकेपीएस यादव की देखरेख में एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में इंस्पेक्टर सुमित कुमार, एसआई अमित और हेड कांस्टेबल संदीप को चारों से पूछताछ करने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने चारों के बारे में उनकी संबंधित दूतावास अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दी। पहचान से बचने के लिए सभी अलग-अलग सीट बुक करते थे।

# मास्टर प्लान 2041 को जल्द दी जाएगी मंजूरीः प्रवेश साहिब सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के भविष्य को नया आकार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने जानकारी दी कि राजधानी का बहुप्रतीक्षित मास्टर प्लान 2041 अब अपने अंतिम चरण में है और इसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा।

इस मास्टर प्लान के लागू होने से दिल्ली के लगभग 48 गांवों को अर्बनाइज किया जाएगा। यह केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन है, जिससे गांवों को आधुनिक शहरी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। अर्बनाइजेशन के बाद इन गांवों में सड़कों का जाल, बेहतर सीव. रेज, पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग, स्कूल, अस्पताल और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने एक और बड़ी राहत की घोषणा करते हुए बताया कि लाल डोरे की पहली रजिस्ट्री निशुल्क की जाएगी। यह फैसला हजारों ग्रामीण परिवारों को सीधा लाभ देगा, जो वर्षों से अपनी संपत्तियों के वैध दस्तावेजों की प्रतीक्षा कर रहे थे। इससे संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आएगी और लोगों को कानूनी सुरक्षा भी मिलेगी। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह दौलतपुर गांव पहुंचे, जहां किसानों द्वारा चलाए जा रहे अनशन को समाप्त करवाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी चिंताओं को समझा और स्पष्ट आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मंत्री के सकारात्मक रुख और भरोसेमंद संवाद के बाद किसानों ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि "हमारा उद्देश्य सिर्फ योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि जमीन पर उन्हें पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी से लागू करना है। मास्टर प्लान २०४१ दिल्ली के गांवों की तस्वीर बदल देगा और ग्रामीणों को शहर जैसी सुविधाएं देने का माध्यम बनेगा।"



पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह दौलतपुर गांव में चल रहे किसानों के अनशन स्थल पर पहुंचकर किसानों को आश्वासन देते हुए

# शिक्षा निदेशालय के आदेश के बाद भी बच्चों को नहीं मिली एंट्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर गहराया विवाद बढ़ता जा रहा है। शिक्षा निदेशालय की ओर से ३२ बच्चों को स्कूल में एंट्री दिए जाने के आदेश के बावजूद बच्चों को स्कूल में दाखिल नहीं होने दिया गया यहां तक कि आज से बच्चों की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। शनिवार व रविवार को अवकाश और सोमवार से ग्रीष्मकालीन अवकाश हो रहे हैं। इस कारण से जब बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे तो उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मिलने वाले होमवर्क का भी पता नहीं चल पा रहा। फिलहाल इस मामले पर स्कूल ने अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है दरअसल स्कूल ने फीस नहीं भरने पर इन ३२ स्कूल के नाम काट दिए गए हैं। इस पर निदेशालय ने इन बच्चों को स्कूल में लेने का आदेश दिया था लेकिन स्कूल ने ऐसा नहीं किया। अभिभावक स्कूल के इस रवैये को शिक्षा निदेशालय के आदेश की अवहेलना के तौर पर देख रहे हैं।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के गेट पर महिला और पुरुष बाउंसर तैनात किए गए थे। अभिभावकों को पीटीएम (पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग) में जाने की इजाजत नहीं मिली। शिक्षा निदेशालय ने बृहस्पतिवार को ही इन बच्चों को स्कूल में लेने का आदेश दिया था। आदेश के बाद जब अभि भावकबच्चों को लेकर स्कूल पहुंचे थे शिक्षकों और सुरक्षा कर्मियों ने बिना कोई कारण बताए उन्हें अंदर जाने नहीं दिया और वापस भेज दिया।

# झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम का मिजाज फिर बदल गया है। दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। शनिवार को दिल्ली में जहां सुबह से दोपहर तक तीखी धूप ने लोगों को परेशान किया, वहीं दोपहर बाद बारिश हुई। लेकिन उसने और भी उमस बढ़ा दी। लेकिन साथ ही कुछ लोग इस बदले हुए मौसम का आनंद लेते भी दिखे। वहीं दूसरी तरफ बारिश की वजह से सड़कों पर जाम लग गया। बारिश और आंधी के दौरान नई दिल्ली के अशोक रोड , केजी मार्ग के निकट लेडी इरविन स्कूल के आगे व अन्य कई इलाकों में पेड़ टूटकर गिर गए जिससे कि वहाँ खड़ी गाड़ियों को नुक्सान पहुंचा। इससे पहले शुक्रवार शाम अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। शाम करीब पांच बजे तेज आंधी चलने लगी और उसके बाद हल्की बारिश हुई। शनिवार को दोपहर के समय अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी से परेशान लोग जैसे ही राहत की उम्मीद छोड़ने लगे, दोपहर बाद मौसम ने करवट ले ली। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और माहौल खुशनुमा हो गया। तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी।

# भाजपा ने पांच जिलों में निकाली तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा द्वारा आज लगातार दूसरे दिन जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा सांसद, दिल्ली सरकार में मंत्री, प्रदेश पदाधिकारियों सहित स्थानीय विधायक और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के निर्देश पर जिला स्तर पर निकालने वाली तिरंगा यात्रा के आज दूसरे दिन नजफगढ, मयूर विहार, महरौली, बाहरी दिल्ली एवं उत्तर पूर्व दिल्ली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। आज निकाली गई तिरंगा यात्रा में सांसद मनोज तिवारी, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, विधायक अजय महावर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान उत्तर पूर्व जिले के यमुना विहार मार्किट में निकाली गई तिरंगा यात्रा में, दिल्ली सरकार में मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक पवन शर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश शोखंदा नजफगढ़ जिले के द्वारका मोड़ से नवादा तक निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

चुनाव पदाधिकारी योगेश आत्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्र योगिता सिंह, भाजपा नेता श्री नरेश वशिष्ठ और जिला अध्यक्ष श्री विजेंद्र धामा मयूर विहार में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। महरौली जिला में निकाली गई तिरंगा यात्रा में प्रदेश मंत्री विनोद बछेती, जिला अध्यक्ष रणवीर तंवर सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में दिल्लीवाले शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने पाकिस्तान द्वारा की गई कायराना हरकत को शर्मनाक बताया और साथ ही भारतीय सेना द्वारा जिस त्वरित रुप से जवाबी हमला किया गया आतंकियों एवं आतंकी गतिविधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए गए उसकी सबने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जिस प्रकार की जवाबी कार्रवाई की है, वह देश के मनोबल को टूटने नहीं दिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा है और उस आत्मा का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि टेरर और टॉक साथ नहीं चल सकते।

# ट्रांसजेंडर का भेष बनाकर दिल्ली में रहने वाली बांग्लादेशी महिलाएं पकड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत में अवैध रूप से घुसकर दिल्ली में ट्रांस्जेंडर का भेष बनाकर रहने वाली तीन बांग्लादेशी महिलाओं को उत्तरी पश्चिमी जिला की विदेशी प्रकोष्ठ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन मोबा. इल फोन भी जब्त किये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला की विदेशी प्रकोष्ठ की टीम पिछले कुछ महीने में दर्जनों बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। एक बार फिर एसीपी रणजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर विपिन कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम बांग्लादेशियों के बारे में जानने के लिये अपने ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ले रही है। एक व्यक्ति ने फेसबुक पर एक रील पोस्ट की थी, जिसमें एक गली में आइसक्रीम का ठेला दिखाया गया था, जिससे अनजाने में इलाके में आसपास की इमारतें दिखाई देने लगीं। इस सुराग पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने सावधानीपूर्वक आस-पास की लगभग ५० गलियों की तलाशी ली । एक पुख्ता जानकारी के बाद फेसबुक पर वीडियो पोस्ट करने वाले को पकड़ लिया। जिसकी असल में पहचान दीपा नामक महिला के रूप में हुई। जिसने ट्रांस्जेंडर का भेष बना रखा था। उससे पता चला कि उसने एक व्यक्ति से संबंध बनाए थे। कुछ समय तक ऑनलाइन बातचीत करने के बाद, वह अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमा पार करके भारत आ गई। उसके प्रेमी ने उसे पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली आ गया था, जहाँ वे किराए के मकान में साथ रहने लगे। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसी के देश की दो ओर महिलाओं को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने हिली और बेनापुर सीमा क्षेत्रों के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया। ट्रेन से दिल्ली आए और तब से भारतीय नागरिकों के वेश में रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने-अपने पुरुष साथियों के साथ लिव-इन रिलेशनशि. प में थे और इस इलाके में बस गए थे।



दिल्ली में दोपहर को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के दौरान कई जगहों पर बिजली के खम्भे और पेड़ टूटकर गिर पड़े , अशोक रोड पर गुरुद्वारा बँगला साहिब के बाहर थ्री व्हीलर पर टूटकर गिरे एक पेड़ का दृश्य।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया दिल्ली के पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ब्रेन हेल्थ के क्षेत्र में सें बड़ी पहल के तहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी हॉस्पिटल द्वारका में पहले ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्धाटन किया। यह राजधानी दिल्ली का पहला ब्रेन हेल्थ क्लिनिक है। इस क्लिनिक को नीति आयोग और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज (IHBAS) के तकनीकी सहयोग से शुरू किया गया है। इस क्लिनिक में स्ट्रोक, मिर्गी, पार्किंसंस, डिमेंशिया और सिरदर्द जैसी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों की प्रिवेंशन, जल्दी पहचान, इलाज और कम्युनिटी रिहैबिलिटेशन की सुविधा एक ही जगह पर उपलब्ध है।

इस क्लिनिक के उद्घाटन के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों से अपील करता हूँ कि जब भी ब्रेन से जुड़ी कोई भी समस्या हो, तो जरूर इन क्लिनिक्स में आएं। राजधानी का पहला क्लिनिक अब शुरु हो गया है और जल्द ही हर जिले में एक क्लिनिक खोला जाएगा। मानसिक या ब्रेन हेल्थ से जुड़ी परेशानियों को छिपाएं नहीं, थेरेपी को प्राथमिकता दें। मंत्री ने कहा कि, यह क्लिनिक सिर्फ एक सुविधा नहीं बल्कि एक मिशन है। शरीर के स्वास्थ्य में ब्रेन हेल्थ की बहुत बड़ी भूमिका होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में हम दिल्ली के हेल्थ सिस्टम को वर्ल्ड क्लास बना रहे हैं। न्यूरोलॉजिकल केयर के साथ साथ हम दिल्ली के हर व्यक्ति को सुलभ स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स दुनियाभर में मौत के दूसरे सबसे बड़े कारण हैं और विकलांगता के लिए भी सबसे अधिक जिम्मेदार माने जाते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए नीति आयोग ने ब्रेन हेल्थ पर नेशनल टास्क फोर्स बनाई है, जिसकी अगुवाई IHBAS के डायरेक्टर डॉ राजिंदर कुमार धमीजा कर रहे हैं। यह टास्क फोर्स साइंटिफिक एविडेंस पर आधारित पॉलिसी और उसके एफिशिएंट इंप्लीमेंटेशन को सुनिश्चित करेगी।दिल्ली सरकार हर जिले में ब्रेन हेल्थ क्लिनिक स्थापित करने जा रही है, जहाँ कॉग्निटिव स्क्रीनिंग, लाइफस्टाइल काउंसलिंग, और केयरगिवर सपोर्ट ग्रुप्स जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

# पार्षदों का दलबदल भाजपा की साजिश का हिस्साः आप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने अपने 13 पार्षदों के दलबदल के पीछे भाजपा की गहरी साजिश बताया है। "आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने मेयर चुनाव के दौरान भी बताया था कि भाजपा हमारे पार्षदों की खरीद-फरोख्त का प्रयास कर रही है।। हमारे पार्षदों का "आप" से इस्तीफा देना भी खरीद-फरोख्त का एक रूप है। क्योंकि भाजपा के पास अभी भी न स्थायी समिति और वार्ड समिति बनाने के लिए सदस्यों की संख्या पूरी नहीं हो रही है। इसलिए भाजपा अब इस तरह से खरीद-फरोख्त की कोशिश कर रही है। पार्षदों का इस्तीफा देना मात्र एक नाटक है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा कि पार्षदों का इस्तीफा देना भी भाजपा की एक साजिश का हिस्सा है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा भाजपा ने जो खरीद-फरोख्त की को. शिश की है, उसका एक और रूप सामने आ रहा है। ऐसे में वह इस तरह की बयानबाजी ही करेगी। भाजपा से लोग और क्या उम्मीद कर सकते हैं? आज तक के इतिहास में अगर किसी पार्टी ने काम किया है, तो वह सिर्फ आम आदमी पार्टी ने किया है। दिल्ली में जितना काम अन्य पार्टियों ने ७५ साल में नहीं किया, उतना काम आम आदमी पार्टी ने १० साल में काम करके दिखाया और नतीजे भी दिखाए।

# आंधी-बारिश से पेड़ व खंभे गिरे, रैपिड रेल की शेड उड़ी

**नई दिल्ली।** आंधी और बारिश की वजह से कई जगहों पर पेड़ गिर गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में शनिवार दोपहर को मौसम पूरी तरह से बदल गया। आसमान में अचानक से काले बादल छा गए। जिससे साथ तेज गर्म हवाएं चलने लगी। मिनटों की आंधी और बारिश से कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ है। कई जगहों पर , बिजली के खम्भे गिरने और टीन शेड्स के उड़ने की भी खबर है।

ऐसे ही तेज आंधी के कारण न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन की टिन की छत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सावधानी के तौर पर न्यू अशोक नगर स्टेशन पर परिचालन तत्काल रोक दिया गया है। घटना के संबंध में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जांच की जा रही है। भविष्य में इस तरह की घटना को रोकने के लिए आवश्यक सुधार कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। न्यू अशोक नगर स्टेशन पर सेवाएं अगले निर्देश तक बंद रहेंगी। वहीं नोएडा में भारी बारिश से शहर के कुछ हिस्सों में पेड़ और खंभा गिरने से गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। सड़कों पर जाम लग गया।

सड़कों पर चल रहे लोग और बाजारों में खरीदारी कर रहे नागरिक अचानक हुई बारिश से बचने के लिए बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन और दुकानों के शेड के नीचे खड़े हो गए। शनिवार को दिल्ली में जहां सुबह से दोपहर तक तीखी धूप ने लोगों को परेशान किया। वहीं दोपहर बाद बारिश हुई। लेकिन उसने और भी उमस बड़ाई। लेकिन कुछ लोग इस बदले हुए मौसम का आनंद लेते भी देखें और तो कुछ बचाव करते।

# मनजिंदर सिंह ने की इनक्यूबेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार की घोषणा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में खाद्य सूक्ष्म उद्यमों (फूड माइक्रो इंटरप्राइजेज) और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना के तहत इनक्यूबेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की घोषणा की। यह पहल 'विक. सित दिल्ली' और 'वोकल फॉर लोकल' के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप दिल्ली को आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास के केंद्र के रूप में उभारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस योजना के तहत झंडेवालान और वजीरपुर स्थित वर्ल्ड क्लास स्किल सेंटर्स में दो आधुनिक इनक्यूबेशन सेंटर दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी के माध्यम से स्थापित किए जा रहे हैं। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना की कुल लागत ४.५ करोड़ रुपये है, जिसमें से ५० लाख रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं और बेकरी लाइन उपकरण की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। श्री सिरसा ने कहा, "दिल्ली सरकार सूक्ष्म खाद्य उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्तरीय इनक्यूबेशन सहायता और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से हम आत्मनिर्भर, कुशल और बाजार के लिए तैयार सूक्ष्म उद्यमों के एक नए युग की नींव रख रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली समावेशी विकास का इंजन बन रही है।"

इसके अतिरिक्त, दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत ३.०६ करोड़ रुपये से नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ईस्ट और मेन कैंपस में दो अत्याधुनिक IoT लैब्स और मेन कैंपस में एक फैब्रिकेशन लैब की स्थापना की जा रही है। ये केंद्र स्टार्टअप्स, छात्रों और शिक्षकों को उत्पाद विकास, परीक्षण और कौशल निर्माण में सहयोग प्रदान करेंगे।

# यमुनापार की सड़कें होंगी सिग्नल फ्री

**नई दिल्ली।** जाम से ग्रस्त प्रमुख सड़कों को यमुनापार में सिग्नल फ्री किया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। योजना के तहत सड़कों के सिग्नल बंद कर यू-टर्न व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे सिग्नल पर लगने वाला जाम खत्म होगा साथ ही सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस की ओर से विकास पर सिग्नल बंद कर यू-टर्न व्यवस्था लागू की गई। इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में अब पुलिस यमुनापार की अन्य सड़कों पर भी यह व्यवस्था लागू करेगी।

विकास मार्ग की शुरुआत कड़कड़ी मोड़ से होती है और यह आईटीओ तक आता है। अब ट्रैफिक पुलिस कड़कड़ी मोड़ का सिग्नल बंद करने की योजना पर काम कर रही है। यहां पर पांच जगहों से ट्रैफिक आता है। इस सिग्नल को बंद कर यू-टर्न व्यवस्था लागू की जाएगी। अभी यहां सिग्नल पर वाहनों के दबाव के कारण व्यस्त समय में जाम की स्थिति बनती है। ट्रैफिक पुलिस का मानना है कि यू-टर्न व्यवस्था लागू करने के बाद जो व्यस्त समय में जाम होता है उससे निजात मिल जाएगा। वहीं कड़कड़ी मोड़ से मास्टर सोमनाथ मार्ग तक जाने वाला भारतेंदु हरीश चंद्रा मार्ग को भी सिग्नल फ्री किया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 22/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.:1,कार्य का विवरणः** समंइं/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र में रामपुर-लालकुआँ अनुभाग में एच-बीम स्लीपरों द्वारा पुल संख्या-25, 26, 40, 89, 92 एवं 102 का टी. बी. एस.आर. कार्य।, **अनुमानित लागत रूपयो मेंः** ₹ 1,76,45,765.73, **बयाना राशि रूपयो मेंः** ₹ 2,38,200/-,**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 09 माह, **क्र.सं.:2,कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन के अन्तर्गत ऑटो कोरिनेटर्स के लिए ए.एम.सी. एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति (इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूँ, कासगंज, मथुरा, पीलीभीत, काठगोदाम, फतेहगढ़ एवं कन्नौज में 3 वर्षो के लिए कुल 43 पम्पिंग स्टेशन), **अनुमानित लागत रूपयो मेंः** ₹ 1,07,02,553.20,**बयाना राशि रूपयो मेंः** ₹ 2,03,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 माह, **नोट-1.ई-** निविदा दिनांक **09.06.2025** को **15.00** बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे, **2.ई-** निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)

मुजाधि/डब्लयू-69 इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# डेढ़ लाख के लेनदेन को लेकर महिला की पीटकर हत्या

## परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** गुराना रोड़ पर शुक्रवार की रात रूपयों के लेनदेन को लेकर कुछ लोगों ने 50 वर्षीय महिला शालू की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक महिला का पति ब्रहमपाल ट्रक चालक है और दो बच्चे मनीष व नवीन बड़ौत में ही मजदूरी करते हैं। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले ब्रहपाल के दोनों लड़कों ने पलडी के रहने वाले कुछ लोग से डेढ़ लाख रूपए उधार लिए थे। दोनों इसी माह उधारी के रुपए लौटाने की भी बात कर रहे थे, लेकिन शुक्रवार की रात चार-पांच लोग लाठी डंडे लेकर उनके घर पर पहुंचे और रुपए मांगने लगे। इस दौरान हमलावरों ने गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर महिला वहां पर पहुंची, तो हमलावरों ने महिला के साथ मारपीट की। इस दौरान हमलाव. रों ने महिला के सिर पर बोतल मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सीओ विजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जल्दी आरो. पियों की गिरफ्तार की जाएगी।



मृतका का फाइल फोटो



# सोते हुए युवक को सांप ने डसा, युवक की मौत से गांव में छाया मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गांव लूम्ब में शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। लूम्ब गांव निवासी 17 वर्षीय मनोज पुत्र जननी की एक जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। मनोज टांडा रमाला रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट पर बावर्ची का कार्य करता था जिससे वह अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। मनोज चार भाई बहन मे सब से छोटा था। काफी वर्ष पहले मनोज के पिता का देहांत हो गया था। छोटी सी उम्र मे ही मनोज के कन्धो पर परिवार की जिम्मेदारी आ गई थी और वह जिम्मेदारी को अच्छे से निभा भी रहा था।

मनोज का बडा भाई ज्यादातर गांव से बाहर ही रहता था। मनोज रेस्टोरेंट पर बावर्ची का कार्य कर अपने परिवार का एक सहारा था। रेस्टोरेंट पर बने एक कमरे मे वह सो रहा था। तभी एक विषैला सांप कमरे में घुस आया और उसने मनोज को डस लिया। डसने के कुछ ही देर बाद मनोज की तबीयत बिगड़ने लगी। लोगो ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मनोज की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। गांव वालो ने बताया कि मनोज बहुत ही मेहनती और स्वभाव से सीधा-सादा था। वह अपने परिवार को बेहतर जीवन देने के लिए मेहनत करता था। उसकी असमय मृत्यु से पूरा परिवार टूट चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के इलाकों में इन दिनों जहरीले सांपों की संख्या तेजी से बढ़ी है, लेकिन प्रशासन और वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग इस दिशा में तुरंत कार्रवाई करे और गांवों में फॉगिंग करवाई जाए। साथ ही लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

मनोज के परिजनों ने शासन और प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से आर्थिक मदद दी जाए, ताकि परिवार को थोड़ी राहत मिल सके। इस हादसे ने गांव में डर का माहौल बना दिया है।

लोग अब रात को सोने से पहले अपने घरों की चारों ओर जांच कर रहे हैं। गांव लूम इस घटना से गहरे शोक में डूबा है और हर कोई यही दुआ कर रहा है कि किसी और घर में ऐसा मातम न पसरे।

# शराबियों का अड्डा बनकर रह गया है बडौत नगर का नेहरू रोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के गुराना रोड़ की महिलाओं ने शराब की दुकान का ठेका निरस्त करने की मांग को लेकर तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए एसडीएम मनीष कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि देसी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर हर वक्त भीड़ लगी रहती है। मंदिर के निकट शराब का ठेका है इस स्थान के आसपास विद्यालय स्कूल भी पडते हैं। नेहरू रोड पर यह ठेका चलाया जा रहा है जिसमें सामाजिक तत्व शराब पीकर वहां खड़े होकर सड़क पर गाली गलौज व मारपीट करते हैं। सड़क पर खड़े होकर टॉयलेट करते हैं जिसमें वहां पर स्कूल से आने जाने वाले छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। मंदिर जाते समय शराब पीकर महिलाओं के साथ भी गाली गलौज करते हैं। इस मार्ग से लोगों का गुजरना दुर्लभ हो गया है। महिलाओं को व्यक्तिगत कार्य करने हेतु बाजार में जाने पर भी दुकानों से सामान खरीदने पर भी भारी परेशानी होती है।

शराबियों का अड्डा बनकर रह गया है नगर का नेहरू रोड। महिलाओं ने शराब के ठेकों को निरस्त कराई जाने की मांग की है। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि अगर शराब का ठेका यहां से नहीं हटाया गया तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सुषमा देवी माहेश्वरी पूनम देवी राखी नंद कुमार रमेश राखी सविता निकिता आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं, देश समाज और हमारी सेना का है सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** आतंकवादियों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जिलेभर में देशभक्ति की भावना उमड़ पड़ी। पाकिस्तान के आतंकियों को खात्मे पर सेना के प्रति आभार प्रकट करते वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक के नेतृत्व में नगर के दिगंबर जैन इंटर कॉलेज के पांडुशिला से शुरू हुई तिरंगा यात्रा अग्रसेन मूर्ति, संजय मूर्ति, नेहरू मूर्ति से होते हुए फूंस वाली मस्जिद से मुख्य बाजार से दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित पीएन शर्मा पार्क पर समापन हुआ। जहां पर शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाए गए।

इस मौके पर राज्य मंत्री केपी मलिक ने सेना के पराक्रम और साहस की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी की दुरदर्शिता के कारण भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारा और उनके आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने न सिर्फ अपने शौर्य का प्रदर्शन किया, बल्कि इस दौरान भारत की सैन्य शक्ति का बखूबी दर्शाया। उन्होंने कहा तिरंगा यात्रा किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश का, समाज का, हमारी सेना के सम्मान लिए किया जा रहा कार्यक्रम है। भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा. चन्द्रमोहन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों और उसके आका पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है। यह सब हमारे सेवा के जवानों की देन है आज देश देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन्नति की तरफ अग्रसर है। इस दौरान जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, ईओ मनोज रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### विषैला पदार्थ खाने से हुई राजमिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** शनिवार को एक राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। राजमिस्त्री दोपहर के समय शमशान घाट में बेहोश मिला था जिसके बाद परिजनों ने उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, रटौल निवासी राजमिस्त्री अमित पुत्र नरेश राजमिस्त्री का काम करता था। वह शुक्रवार दोपहर को रटौल के ही शमशान घाट मे बेहोशी के हालत मे मिला था। किसानों ने देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी थी। सूचना मिलते ही परिजन मौकें पर पहुंचे थे और बेहोशी की हालत मे रटौल में ही एक चिकित्सक के यहा भर्ती कराया था जहां होश आने पर उसने जहरीला पदार्थ खानें की बात बतायी थी तब परिजन उसे तुरंत दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल मे ले गये। जहा देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों मे कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिजनों को सात्वंना देने में लगे है। वही पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वी व 12वी के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में स्कूल स्तर पर कक्षा 12वी विज्ञान वर्ग में ज्योत्सना ने 91. 6प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, आकृति शर्मा ने 88.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अवनी ने 86.2प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में कक्षा 12वी वाणिज्य वर्ग में वंशिका शर्मा 93.00 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, रिद्धि शर्मा ने 90.00प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा पार्थ अरोड़ा ने 88.6प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया व कक्षा 10वी में देवांश सती ने 96.4प्रतिशत के साथ प्रथम, प्रियांशु कुमार ने 95.6प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा शिवेन ने 85.00प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर ललित कुमार, प्रीति शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, रोहित शर्मा, बृजेश व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# एडीएम व वकीलों की वार्ता के उपरांत धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पिछले एक सप्ताह से पीपीई मॉडल के विरोध में वकीलों दस्तावेज लेखकों द्वारा तहसील में दिया जा रहा धरना समाप्त हो गया। एडीएम पंकज कुमार, एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह, एआईजी स्टांप शशि कुमारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर वार्ता की। बड़ौत बार, रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्षों द्वारा धरना समाप्ति की घोषणा की गई।

पीपीई मॉडल की लागू किए जाने की सूचना पर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों, स्टांप बाइंडर, टाइपिस्टों द्वारा धरना दिया जा रहा था। इन सब का कहना था कि यदि किसी लागू कर दिया गया तो तहसील में दस्तावेज संबंधी कार्य करने वाले उपरोक्त सभी लोग बेरोजगार हो जाएंगे जिसको लेकर एक हफ्ते से रजिस्ट्री ऑफिस का काम बंद कर धरना दिया जा रहा था। शनिवार को एडीएम, एएसपी, एआईजी स्टांप, एसडीएम बड़ौत धरना स्थल पर पहुंचे और विस्तार पूर्वक वार्ता की। एडीएम, एआईजी स्टांप ने बताया कि अभी तक कोई मॉडल लागू नहीं किया गया है। यदि यह मॉडल लागू भी किया जाता है तो यह दस्तावेज संबंधी कार्यो के सरलीकरण के लिए होगा। अभी तक भी इस तरह के किसी आदेश का गवर्नमेंट ऑर्डर नहीं मिला है। कहा कि ऐसी कोई कार्य योजना लागू नहीं होने जा रही है जिससे किसी के रोजगार पर आंच आएगी। अधिकारियों से वार्ता व आश्वासन के उपरांत धरनारत अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों, स्टांप बाइंडर, टाइपिस्ट धरना समाप्त करने को राजी हो गए। बड़ौत बार, रेवेन्यू बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संगठन के अध्यक्ष के अलावा पदा. धिकारी गण, सदस्य गण मौजूद रहे।



# विद्युत पोल से टकराई कार, तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवाड़ा गांव के समीप एक कार विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कार में सवार खेड़ा हटाना निवासी नितिन, राहुल और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विद्युत पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार के भी परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वर्तमान में तीनों का उपचार जारी है। एएसपी ने बताया कि घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# जनता की शिकायतों का संबंधित अधिकारी जल्द करें निस्तारण:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तीनो तहसीलों संपूर्ण समाधान दिवस में 103 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 18 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जो शासन की नीति है कोई भी प्रार्थना पत्र उसका 7 दिन के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। कोई प्रकरण संवेदनशील है तो उसकी समय अवधि 7 दिन और बढ़ाई जा सकती है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सरल और सम लाभ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से कैंप लगाया जाता है जिसमें पेंशन दिव्यांग राशन कार्ड आदि संबंधित विभाग को स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है जिसमें तहसील दिवस के उपरांत जिला. धिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाते हैं आज जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने 9 दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। जिला. धिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। जिला. धिकारी ने तहसील दिवस में आए संपर्को के निस्तारण की क्रॉस चे. कंग कराए जाने के लिए टीम गठित की। इस अवसर पर एसडीएम बागपत, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, पुलिस क्षेत्राधिकार अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# पीड़ितों ने दबंगों से जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के असारा गांव के लोगों ने तहसील परिसर में जमीन से कब्जा मुक्त करने की मांग को लेकर एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में गांव के मेहंदी हसन पुत्र हकीमुद्दीन ने बताया कि गांव के ही दबंग लोगों को खेती करने के लिए जमीन दी थी जिस पर उन्होंने कब्जा कर लिया। परिजनों ने खेती की जमीन से कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मेहंदी हसन का कहना है कि दबंग लोगों से जमीन से कब्जा मुक्त कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में एहसान अहमद चमन सिंह प्रताप सिंह शकील खान श्रीपाल शक्तावत गजेंद्र सिंह अंजलि राखी सनी आदि मौजूद रहे।



# करंट लगने से एक सिपाही की मौत, दूसरा सिपाही और बदमाश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** हेवा गांव निवासी पुलिस के एक जवान का शव हेवा गांव पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस का जवान जिला बिजनौर मे तैनात था बदमाशो का पिछा करते हुए उसकी जान चली गई। गांव मे जैसे ही मृतक का शव पहुंचा तो परिजनो मे कोह राम मच गया। परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

हेवा गांव में मृतक मनोज को कैबिनेट मंत्री व अन्य लोगों ने सांत्वना दी गई। दमाशों के पकड़ने के चक्कर में एक सिपाही की मौत हो गई, जबकि दूसरा सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना जिला बिजनौर के शहर के सालमाबाद भरेरा की नहर की है।

पुलिस कार सवार बदमाशों का पीछा कर रही थी। तभी बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराई और नहर में जा गिरी। इस दौरान बिजली के खंभे का तार टूट गया और तालाब में करंट फैल गया।

करंट की चपेट में आए एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं सिपाही मनोज कुमार की करंट लगने से मौत हो गई और दूसरे सिपाही गंगाराम और बदमाश नीरज गंभीर रूप से घायल हो गए। कार के नहर में गिरते ही बदमाशों को बचाने के लिए डायल 112 के सिपाही मनोज कुमार और गंगाराम भी नहर में कूद गए। बता दें कि टक्कर की वजह से विद्युत पोल का तार टूटकर भी नहर में गिर गया, जिससे नहर में करंट आ गया।

करंट लगने से एक बदमाश नीरज और दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिसमें घायल सिपाही मनोज की करंट से मौत हो गई। पुलिस का दूसरा साथी गंगाराम घायल है। उसका इलाज किया जा रहा है।

इस मौके पर सांसद डा.राजकुमार सांगवान, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, रालोद के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री डा.कुलद. ीप उज्जवल, रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चौयरमैन, मंडलाध्यक्ष इंद्रवीर भाटी, जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर शहीद मनोज के घर पहुंचे।



मृतक का फाइल फोटो

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में भारतीय जनता पार्टी रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। पार्टी 21 से 31 मई तक रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान चलाएगी।

भाजपा जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री डा.चन्द्रमोहन ने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्षों का शासनकाल सुशासन और न्यायप्रियता के लिए जाना जाता है। वे सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रतीक थीं।

उन्होंने बताया अभियान के दौरान बैठकें, गोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमो में महिला सशक्तिकरण हेतु दौड़, घाट सजा एवं नदी आरती, प्रदर्शनी, पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन, नगर निगम, नगर पालि. का, नगर पंचायत, ब्लॉक स्तर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले भाजपा के जिला मुख्यालय पर एक जिला कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रमों को लेकर जिला पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और मंडल अध्यक्षों के साथ रणनीति बनाकर चर्चा की गयी। जिसमें जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने बताया कि सभी कार्यक्रमों के लिए आयोजक और टीमें तय कर दी गई हैं। उन्होंने सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से मेहनत से जुट जाने की अपील की। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, कुलदीप भारद्वाज, राकेश जैन, कुलदीप भारद्वाज, जिला मंत्री सुधीर ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, आत्माराम मौर्य, नगर अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, संदीप प्रजा. पति, विनोद देशवाल, मनीष कुशवाहा, प्रभात तोमर, मनजीत गुर्जर, दिनेश प्रधान, एडवोकेट अंकित लपराना, सत्यबीर सिंह बड़का, अक्षय तोमर, सुनील दीक्षित, एडवोकेट मनीष कुमार, मीनाक्षी सिसोदिया, राखी राजपूत, प्रिया कुमारी आदि मौजूद रहे।

# मेधावियों को पुरस्कार व स्मृति चिह्व देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में विशाल सम्मान समारोह 2025 का आयोजन भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में 85: से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बड़ौत क्षेत्र के पंजीकृत छात्रों के साथ-साथ विद्यालय के सभी होनहारों छात्र व कक्षा 10वीं और 12वीं के 100 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों सहित सभी को पुरस्कार और स्मृति चिह्व देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु लकी ड्रा के माध्यम से चयनित पाँच विद्यार्थियोंकृतानि जैन, सृष्टि चौहान, हंशिका वाधवा, जलज गर्ग और धैर्य गुप्ताकृको कंप्यूटर टैबलेट भेंट किए गए। साथ ही, छात्रों के अभिभावकों को भी उनके योगदान के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि अमर चंद वर्मा (डिप्टी कलेक्टर, बागपत) थे, जबकि विशिष्ट अतिथि अश्विनी तोमर और बबीता तोमर (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बड़ौत) रहीं। प्रमोद कुमार और राजेश कुमार को भी विद्यालय की ओर से स्मृति चिह्व व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार जैन, निदेशक हंस कुमार जैन तथा सदस्य अंकुर जैन, अनुज जैन और ऋषभ जैन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आशीष शर्मा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

विरेन्द्र शर्मा पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम शिकोहपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

# तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश

■ पेड़ और बिजली के खंभे गिरे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम में अचानक बदलाव आया। भीषण गर्मी के बाद आसमान में काले बादल छाए और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई।

बारिश के दौरान तेज हवाओं ने कई जगह नुकसान पहुंचाया। शहर में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। बिजली के खंभे और होर्डिंग्स भी गिरने की सूचना है। डीएम चौराहे पर रेड लाइट गिरकर एक गाड़ी पर जा गिरी, जिससे वाहन को नुकसान पहुंचा। इन घटनाओं से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। बारिश से तापमान में गिरावट आई है। इससे लोगों को आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी झेल रहे नोएडावासियों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है।

सड़कों पर जमा हुए पानी से यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। हालांकि, तेज हवाओं से वातावरण में आई ठंडक का लोगों ने स्वागत किया।

ग्रेटर नोएडा में आंधी ने भारी तबाही मचाई है। सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में तेज आंधी और तूफान से सफल स्टोर का पूरा स्ट्रक्चर उड़ गया। घटना कल शाम की है। सोसायटी के एक निवासी ने ऊपरी मंजिल से आंधी का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान कैमरे में स्टोर का स्ट्रक्चर हवा में उड़ता हुआ कैद हो गया।इससे पहले इसी आंधी से जेपी अमन सोसायटी के कई फ्लैट्स को भी नुकसान पहुंचा था। सौभाग्य से इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम सोसाइटी में शुक्रवार शाम को एक हादसा हुआ था। तेज आंधी के दौरान हाई राइज बिल्डिंग से प्लास्टर का एक हिस्सा टूटकर नीचे खड़ी कार पर गिर गया। हादसे में कार का शीशा टूट गया और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। सौभाग्य से कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। घटना के बाद सोसाइटी के निवासियों ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया।उनका कहना है कि नोएडा की सोसाइटियों में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। पहले भी कई सोसाइटियों में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।निवासी अब सोसाइटी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि न तो सोसाइटी प्रबंधन और न ही प्राधिकरण इस समस्या पर ध्यान दे रहा है। निवासियों का कहना है कि अगर प्लास्टर किसी व्यक्ति पर गिरता तो जान का खतरा हो सकता था।

# 20 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 63 पुलिस ने गांजा तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विशाल के पास से 20 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी विशाल को मेट्रो पिलर नंबर 36 के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्विफ्ट कार भी जब्त की है।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि विशाल अपने साथी के साथ उड़ीसा से गांजा लाता था। वह इसे नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करता था। आरोपी उड़ीसा से सस्ते दाम में गांजा खरीदकर यहां ज्यादा कीमत पर बेचता था।पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश जारी है। एक साथी की पहचान हो चुकी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## फास्ट फूड दुकान में आग लगने पर भागकर जान बचाई

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** सेक्टर अल्फा वन कमर्शियल बेल्ट में स्थित फास्ट फूड की एक दुकान में शनिवार को आग लग गई। अंदर काम कर रहे कर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। दमकल कर्मियों की चार गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कमर्शियल बेल्ट में फास्ट फूड बनाने की एक दुकान है। दुकान के अंदर शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई। दुकान में आग लगने पर अंदर काम करने वाले कर्मचारियों में भगदड़ मच गई।

वह जान बचाने के लिए बाहर की ओर भागे। आस पड़ोस की दुक. ानों में काम करने वाले लोग बाहर निकल आए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। दुकान में धुआं भर गया था, इसकी वजह से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एक दमकल कर्मी बीए सेट का प्रयोग कर दुकान में अंदर घुसा और आग को काबू किया। पुलिस का कहना है कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

## नाइजीरियाई नागरिकों की अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग और सूरजपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़ किया है। UPSIDC के बी 84 Abode Guest House में छापेमारी के दौरान दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर टीम ने छापेमारी की। रेस्टोरेंट में बिना अनुमति के शराब पार्टी चल रही थी। टीम को देखकर कुछ अफ्रीकी मूल के लोग भागने लगे। पुलिस ने रेस्टोरेंट की संचालिका कैसेंड्रा और उसके सहयोगी विक्टर को मौके पर ही पकड़ लिया। दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं।




संचालिका की निशानदेही पर एक टोयोटा कार भी जब्त की गई। कार में से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। इसमें 179 बोतल शराब, 24 कैन किंगफिशर बीयर, 50 कैन बुडवाइजर बीयर और 10 बोतल समायरा रेड वाइन शामिल हैं।

इसके अलावा हरियाणा मार्का की 2 बोतल एब्सोल्यूट वोडका, 2 बोतल जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल और 2 बोतल जॉनी वॉकर रेड लेबल भी बरामद की गई।दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** वारदात की फिराक में घूम रहे बदमाश को सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। आरोपी की पहचान बलिया के नगरा निवासी 22 वर्षीय प्रियांशु के रूप में हुई। वर्तमान में वह किराये का कमरा लेकर मामूरा गांव में रह रहा है। प्रियांशु के खिलाफ सेक्टर-24 और सेक्टर-63 थाने में दो केस आर्म्स ऐक्ट और आबकारी अधिनियम की धाराओं में पहले से दर्ज हैं। आरोपी को तमंचा कहां से मिला, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। हथियारों की तस्करी के पहलू पर भी पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### फर्नीचर बनाने वाली दो फर्मों में जीएसटी चोरी पकड़ी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर की विशेष अनुसंधान शाखा ने फर्नीचर बेचने वाली दो फर्मों में जीएसटी चोरी पकड़ी। दोनों फर्मों से 6.19 लाख रुपये जमा कराए। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड टू गौतमबुद्ध नगर विवेक आर्य ने बताया कि 16 मई को शाहबेरी में फर्नीचर बेचने वाली दो फर्म पर छापा मारा था।

दोनों फर्म फर्नीचर की खरीद और बिक्री का काम करती है। पांच दिन तक रेकी और जीएसटी पोर्टल पर किए गए डाटा विश्लेषण से पता लगा कि फर्मों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में देय कर नकद में नहीं जमा किया। वहीं, सभी कर देयता को इनपुट टैक्स क्रेडिट ( आईटीसी ) से चुकाया गया। जांच में यह भी पता लगा कि खरीद रजिस्टर में जितनी आईटीसी थी, उससे अधिक आईटीसी का उपयोग कर देयता चुकाने में किया गया था। व्यापार स्थल पर रखे स्टॉक और दस्तावेजों में दर्ज जानकारी में 20. 55 लाख और 13.90 लाख रुपये का अंतर पाया गया। तथ्यों की जानक. ारी देने के बाद कारोबारियों ने 3.69 लाख और 2.50 लाख कर के रूप में राजकोष में जमा कराए। देर रात तक चली जांच में संयुक्त आयुक्त संजय कुमार कुशवाहा, उपायुक्त रमेश कुमार, सहायक आयुक्त दिव्यांश आनंद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### किसानों ने की पंचायत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के गांव आछेपुर में किसानों ने शनिवार को पंचायत का आयोजन किया। पंचायत की अध्यक्षता कृपाल सिंह ने की, जबकि संचालन अनिल चौधरी ने किया।

किसान नेता मनवीर तेवतिया ने बताया कि चकबंदी के दौरान किसानों से चकरोड़ और नालियों के लिए 10 प्रतिशत जमीन ली गई थी। यह जमीन अब यमुना प्राधिकरण ने अपने कब्जे में ले ली है। उन्होंने मांग की कि इस जमीन को भूमिहीन किसानों और मजदूर परिवारों को आवासीय प्लॉट के रूप में दिया जाए।

पंचायत में किसानों ने प्राधिकरण पर आरोप लगाया कि वह केवल उन लोगों की जमीन का निस्तारण कर रहा है, जिन्होंने अथॉरिटी की जमीन पर अतिक्रमण कर बाउंड्री वॉल बना रखी है। किसानों का कहना है कि इस अतिक्रमण में प्राधिकरण के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं।किसान अब गांव-गांव जाकर किसान जनगणना और जमीन की वास्तविक स्थिति की गणना कर रहे हैं। इस गणना की रिपोर्ट मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भेजी जाएगी। पंचायत में त्रिलोक मास्टर, राजवीर सिंह, आनंद दरोगा, नीरज मलिक, मनोज भाटी, गजेंद्र फौजी, धर्म सिंह, कल्लू सिंह और जगदीश समेत कई किसान मौजूद थे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-51 में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सेक्टर-49 थाने में दी शिकायत में होशियारपुर गांव के गली नंबर एक में रहने वाली अंशु तिवारी ने बताया कि बीते गुरुवार को सुबह आठ बजे के करीब उनके पति खेमराज तिवारी अपनी मोटरसाइकिल से सेक्टर-51 से सेक्टर-143 की तरफ जा रहे थे। मानव रचना स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खेमराज बाइक से छिटककर दूर जाकर गिरे।

राहगीरों ने घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की जानकारी परिजनों को दी। इस दौरान मौका पाकर आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डिजिटल क्रांति की शुरुआत, मिनाटीवर्स ने लॉंच की स्वदेशी ब्लॉकचैन तकनीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अब दुनिया तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की और बढ़ रही है और ऐसे में डिजिटल दुनिया भी पूरी तरह से बदलने वाली है,जिसको लेकर तेजी से उभर रही मीनाटी (डपदंजप) कंपनी द्वारा दो नए टेक्नोलॉजी इनोवेशन किए गए हैं। शनिवार को नोएडा मीडिया क्लब में कंपनी द्वारा एक प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी गयी की कंपनी द्वारा मीनाटीवर्स (डपदंजपअमतेम) और मीनाटी ब्लॉकचौन (डपदंजप ठसवबाबीपद) इनोवेशन लॉंच किए गए हैं जिनके बाद डिजिटल दुनिया और ज्यादा एडवांस हो जाएगी,इन दोनों प्रोजेक्ट्स का उद्देश्य है लोगों को एक ऐसे भविष्य से जोड़ना जो तेज, सुविधाजनक, और पूरी तरह से डिजिटल हो। मीनाटीवर्स, मीनाटी कंपनी का अपना मेटावर्स है जो एक ऐसा वर्चुअल वर्ल्ड जो रियल वर्ल्ड एक्सपीरियंस को एक थ्री डी डिजिटल स्पेस में बदल देता है। यहाँ उपयोगकर्ता अपने घर से ही कई जरूरी काम कर सकते हैं।




**मीनाटीवर्स में उपयोगकर्ताओं को मिलने वाली सुविधाएँ:** वर्चुअल शॉपिंग स्टोर्स में घूमकर प्रोडक्ट्स का थ्री डी प्रीव्यू, ट्राय और खघ्रीदारी,इंटरैक्टिव वर्चुअल क्लासरूम्स, डिजिटल लैब्स और लाइव लर्निंग सेशंस, एडवांस 3क गेम्स जिनमें प्ले टू अर्न मॉडल होंगे,वर्चुअल बैंकों के जरिए सीमलेस और सिक्योर ट्रांजेक्शन्स,डॉक्टर से वर्चुअल कंसल्टेशन, रिपोर्ट एक्सेस और हेल्थ गाइडेंस, घर बैठे रियल एस्टेट प्रॉपर्टी का थ्री डी वर्चुअल टूर।

मीनाटीवर्स ब्लॉकचौन : तेज, सुरक्षित और विकेंद्रीकृत तकनीक मीनाटीवर्स ब्लॉकचौन एक अत्याधुनिक लेयर वन ब्लॉकचौन है जिसे स्पीड, सिक्योरिटी और लो ट्रांजैक्शन फीस को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह एक अत्यंत स्केलेबल और डेवलपर-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है।

## मांस मिलने पर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित सनराइज छात्रावास में गुरुवार को एक विवाद खड़ा हो गया। कैंटीन में शाकाहारी मेन्यू के दिन मांस मिलने पर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया।

सनराइज छात्रावास में 100 से अधिक छात्र रहते हैं। यहां शनिवार और रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में केवल शाकाहारी भोजन परोसा जाता है। गुरुवार को छात्रों को कैंटीन के एक बड़े टब में मांस मिला। इस पर छात्रों ने हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और पशु चिकित्सा विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाया। आरोप है कि जांच टीम के पहुंचने से पहले ही कैंटीन कर्मचारियों ने मांस को नाले में फेंक दिया। खाद्य विभाग ने कैंटीन के संच. ालक को सफाई का नोटिस जारी किया है। विभाग ने कैंटीन से मसालों के नमूने भी लिए हैं। पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच में पाया गया है कि बरामद मांस बकरे और मुर्गे का था। कैंटीन में काम करने वाले दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## ग्रेनो के नॉलेज पार्क-5 में बनेगा ईएसआईसी का हॉस्पिटल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने शनिवार को एक और अहम फैसला लिया है। प्राधिकरण बोर्ड ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम का हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में बनाने के लिए 5000 रुपये प्रति वर्ग की दर से जमीन आवंटित करने पर सहमति दे दी है। यह हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में 29300 वर्ग मीटर भूखंड पर बनेगा। ग्रेटर नोएडा के उद्यमी ईएसआईसी हॉस्पिटल बनाने के लिए आए दिन प्राधिकरण के समक्ष मांग उठाते रहते हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार ने ईएसआईसी के हवाले से बताया कि यह अस्पताल तीन साल में बनकर तैयार होगा। इसे बनाने में करीब 550 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बन जाने से ग्रेटर नोएडा और आसपास कंपनियों व फैक्ट्रियों में काम करने वालों इजाज कराने की सुविधा हो जाएगी।

## किसानों के हक में ग्रेनो प्राधिकरण बोर्ड का बड़ा फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की शनिवार को संपन्न बोर्ड बैठक में किसानों के पक्ष में एक अहम फैसला लिया गया। किसानों के बैकलीज के प्रकरणों पर बोर्ड के निणयों में लिपिकीय त्रुटि (जैसे लाभार्थी का नाम, एरिया आदि) को संशोधित करने के लिए सीईओ को अधिकृत कर दिया गया है। इसके लिए सीईओ की तरफ से एक समिति गठित की जाएगी। अभिलेखों की जांच कर समिति के संस्तुति के आधार पर सीईओ के अनुमोदन से ही लिपिकीय त्रुटि को दुरुस्त कर लिया जाएगा। इसके लिए अब बोर्ड बैठक से अनुमति का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक हुई। मुख्य सचिव इस बोर्ड बैठक में ऑनलाइन जुडेघ् इसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, यीडा के एसीईओ कपिल सिंह, एडीएम बच्चू सिंह, ग्रेनो प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, महाप्रबंधक नियोजन लीनू सहगल, ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, उपमहाप्र. बंधक अभिषेक जैन सहित ग्रेनो प्राधिकरण व के अधिकारी व अन्य सदस्य महकमों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। नोएडा के सीईओ डॉ लो. केश एम व कई अन्य अधिकारीगण भी बोर्ड बैठक में ऑनलाइन जुड़े। बैठक में किसानों के पक्ष में लीज बैक के प्रकरणों बोर्ड के निणयों की लिपिकीय त्रुटि ( जैसे लाभार्थी का नाम, एरिया आदि) को संषोधित करने का अधिकार सीईओ की तरफ से गठित समिति को देने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने अनुमति दे दी। अब लीजबैक में लिपिकीय त्रुटि को संशोधित करने के लिए हर बार एजेंडा बोर्ड के समक्ष नहीं रखा जाएगा, बल्कि लिपिकीय त्रुटि को संशोधित करने का अधिकार सीईओ की तरफ से गठित समिति को दे दिया गया है। अभिलेखों की जांच के उपरांत समिति के संस्तुति पर सीईओ लिपिकीय त्रुटि को अनुमोदित कर देंगे और इसे यहीं दुरुस्त कर लिया जाएगा। इससे बैकलीज में विलंब नहीं होगा।

## बोड़ाकी का अंडरपास खुला, लोगों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से दादरी न्यूज नोएडा जाने वाले लोगों के लिए गुड न्यूज है। ग्रेटर नोएडा से दादरी-न्यूज नोएडा के सफर में अब लोगों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। काफी समय के इंतजार के बाद बोड़ाकी रेलवे स्टेशन के पास बना अंडरपास आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इसके शुरू होते ही ग्रेटर नोएडा से जीटी रोड और दादरी तक की सीधी कनेक्टिविटी आसान हो गई है। अब फाटक बंद होने की समस्या से लोगों को राहत मिल गई है। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार पहले बोड़ाकी से दादरी की तरफ जाने वाले लोगों को रेलवे फाटक बंद होने के कारण घंटों का इंतजार करना पड़ा था। दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर ट्रेनों का भारी दबाव रहता है, जिससे फाटक देर से खुलते हैं। लेकिन अब इस अंडरपास के जरिए से यात्री बिना रुके सीधे अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। इस अंडरपास का निर्माण रेलवे विभाग द्वारा बीते साल शुरू किया गया था। जिसका काम मई के पहले सप्ताह में पूरा कर लिया गया। फिलहाल फिनिशिंग के साथ-साथ रैम्प पर टीन शेड लगाने का काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस के लिए इसे खोल दिया गया है। ग्रेटर नोएडा के 10 से ज्यादा सेक्टर और दादरी क्षेत्र के 20 से ज्यादा गांवों के लोगों को इस अंडरपास से बड़ी राहत मिली है। अब न केवल डेल्टा-1, अल्फा-1, डिपो मेट्रो स्टेशन जैसे सेक्टरों तक सीधी पहुंच संभव है, बल्कि न्यू नोएडा, ग्रेटर नोएडा फेज-2 और अंसल हाउसिंग प्रोजेक्ट तक भी परी चौक से 105 मीटर रोड होते हुए सीधा सफर तय किया जा सकता है।

# तीनों तहसीलों में कुल 149 शिकायतें दर्ज, 11 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें कुल 149 शिकायतें दर्ज की गई एवं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता से पूर्व तहसील परिसर में टाईल, पार्क, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि विकास कार्यों का जायजा लिया गया। साथ ही कृषि, विद्युत, श्रम, उद्योग और महिला कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जन सामान्य से वार्ता करते हुए विशेष रूप से फैमिली आईडी कार्ड बनाए जाने हेतु स्टॉल लगाने के लिए निर्देशित किया ताकि अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ा जा सके।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर में जनता की समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। सदर तहसील में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 07 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 03 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों का गहनता से परीक्षण करें और संबंधित स्थलों पर जाकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतों को ऑनलाइन पोर्टल पर भी निस्तारित किया जा सके।



जिलाधिकारी ने वर्षा ऋतु के आगमन के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शासकीय कार्यालयों और विद्यालयों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। वर्षा जल का संचयन कर भूमिगत जल स्तर को रिचार्ज करना आवश्यक है। इसके साथ ही सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी नहरों और नालों की समय से साफ-सफाई कर ली जाए, जिससे जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों।

उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र की सभी हाईराइज सोसाइटियों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा एओ और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सुचारू रूप से संचालित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जल संचयन कर भूमि जल को रिचार्ज किया जा सके।

हीट वेव की दृष्टिगत जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए की सभी अधिकारी गण अपने-अपने कार्यालय में जन सामान्य के लिए पेयजल एवं छाया में बैठने की व्यवस्था को सुदृढ़ रखना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान अनुपस्थित रहे अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि ऐसे अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाए। जनता की समस्याओं के समाधान में कोई कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।

तहसील सदर में समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, तहसीलदार सदर प्रतीक कुमार सिंह चौहान समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रबूपुरा में ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक नई पहल शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक नई पहल शुरू हुई है। स्थानीय गोशाला में गायों के गोबर से बिजली और गैस का उत्पादन किया जाएगा। शनिवार को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने शांति देवी कन्या विद्यालय की छात्राओं के साथ बायो गैस प्लांट का शुभारंभ किया। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग समय की मांग है। देश को कार्बन मुक्त बनाने में सरकार के साथ नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट से प्रतिदिन 10 किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। यह बिजली लगातार 8 घंटे तक उपलब्ध रहेगी। गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने की योजना भी है। इस परियोजना के लिए एचसीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया है। यह प्रोजेक्ट न केवल गोबर के निपटान की समस्या का समाधान करेगा।बल्कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में भी योगदान देगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अवैध रूप से सड़कों पर फर्राटा भर रहे वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। परिवहन विभाग ने बिना वैध परमिट या फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रहे 6 बसों सहित कई निजी वाहनों को बंद कर दिया गया है।

एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि ज़िलें में 400 वाहनों पर 1.80 करोड़ रुपये का राजस्व बकाया है। जिनमें निजी बस, ऑटो, टैक्सी और ट्रक शामिल हैं। इन वाहनों के मालिकों ने पांच साल से कोई टैक्स जमा नहीं किया है। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत निजी वाहनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें वाहन जब्त कर थाने में खड़ा किया जा सकता है। परिवहन विभाग द्वारा बिना फिटनेस के चल रही स्कूली बसों को सीज कर दिया है। इसके अलावा ट्रक और ऑटो पर भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा आगे भी ऐसे अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।







# दो घरों में चोरी की वारदात से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आएदिन बेखौफ चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवगढ़ी में बेखौफ चोरों का आतंक देखने को मिला है। देर रात चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाते हुए घरों में रखे लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात चोरों ने मोहल्ला शिवगढ़ी में रहने वाले आदेश और कैलाश के घरों को अपना निशाना बनाते हुए घरों में रखे लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार को जब चोरी की जानकारी हुई तो परिवार के होश उड़ गए। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।




# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील में डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम और एसपी ने समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा और कहा कि समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। जिससे शिकायत कर्ता अपनी समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। जिन-जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिला. धिकारी तथा थाना प्रभारी से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले हैं। उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। एसपी कुंवर ज्ञानंजय ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि महिलाओं संबंधित विवाद को जल्द से जल्द निस्तारण कराए।



# अन्तर्राज्यीय गिरोह के 6 शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अन्तर्राज्यीय गिरोह के 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से उत्तराखण्ड से चोरी किये गये 11 बैटरे, अवैध हथियार व घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद की है।

गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और चोरो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 6 अन्तर्राज्यीय चोरों को बागडपुर कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से उत्तराखण्ड से चोरी किये गये 11 बैटरे, एक अवैध तमंचा, कारतूस, दो अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद हुई है। चोरों की पहचान ओमपाल पुत्र दयाराम निवासी बरनाई थाना कुडंलिया जनपद बरेली हाल पता मौहल्ला कान्ती बिहार थाना सुभाष नगर जनपद बरेली, मोहित पुत्र नन्हे लाल निवासी शान्ती बिहार निकट आरएल स्कूल थाना सुभाष नगर बरेली, शिवम मौर्य पुत्र अशोक मौर्य निवासी शान्ती बिहार निकट चन्द्र पाल किराना स्टोर थाना सुभाष नगर बरेली, पवन पांडे पुत्र राजकुमार निवासी शान्ती बिहार थाना सुभाष नगर जनपद बरेली, कृष्ण कश्यप पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी फतेहपुर कला थाना बेहट जनपद सहारनपुर, सन्नी पुत्र मोलू राम निवासी सुआखेडी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनमे ओमपाल और मोहित के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपरा. धिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल चोरों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव बड़ोदा सिहानी में युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया है।

थ ााना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि वर्ष 2024 में गांव बड़ोदा सिहानी निवासी माहिर द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि उसके बेटे अनस पर कुछ दबंगों ने रंजिशन धारदार हथियार और ईट से उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। बीच बचाव कराने आए परिवार के दो लोग भी घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे आरोपी महबूब पुत्र महमूद और जीशान पुत्र तरीखत निवासी ग्राम बडौदा साहनी थाना हाफिजपुर जनपद हापुड को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# दुबई में भारतीय प्रतिनिधियों को पटका पहनाकर किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत के प्रतिनिधियों का अब दुबई जैसे देश में सम्मानित होना गौरवान्वित करता है। दुबई पुलिस में मेजर तथा पुलिस राजदूत डा. ओमर अली मरजुकी ने वर्ल्ड क्रिकेट काउंसिल डब्लूसीसी के चेयरमैन डा. हरिओम त्यागी और उनके सहयोगी सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड के वाइज प्रेजिडेंट डा. मरगूब त्यागी को अपने शाही निवास पर विशेष आमंत्रण देकर बुलाया और दोनों को शाही पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान डा. ओमर अली मरजूकी ने भारत और दुबई के आपसी संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि यदि भारतीय प्रतिनिधि दुबई में किसी प्रकार का व्यापार या सामाजिक कार्य आरंभ करते हैं, तो दुबई सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। डा. मरगूब त्यागी ने कहा, डा. मरजूकी जैसे वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा इस प्रकार का स्वागत और सम्मान मिलना हमारे लिए अविस्मरणीय अनुभव है। यह भेंटवार्ता न केवल सम्मान का आदान-प्रदान थी, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और सामाजिक समन्वय को सुदृढ़ करने का एक सकारात्मक प्रयास भी था।



## एक नजर

### बाइक खड़ा करने को लेकर मारपीट में चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत परतापुर रोड स्थित श्री कलैंडर के पास एक किसान पर फावड़े से हमला किया गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। खेत पर बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में किसान कुलदीप सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सैनी कॉलोनी निवासी कुलदीप सैनी अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान परतापुर गांव के अंकुर और जगदीप वहां पहुंचे। दोनों ने ट्यूबवेल पर बाइक खड़ी करनी चाही। कुलदीप के मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अंकुर ने कुलदीप के सिर पर फावड़े से हमला कर दिया। कुलदीप के बेटे दीपांशु ने पिता को कोतवाली पहुंचाया। इसी बीच आरोपियों के चाचा सुरेश और चचेरे भाई आकाश ने दीपांशु के घर में घुसकर उनकी मां और बहन पर हमला कर दिया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को परतापुर रोड से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने पर अंकुर, सुरेश, आकाश और जगदीप को जेल भेज दिया गया है।

### महिला सशक्तिकरण पर लिखी किताब का किया गया विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को नगर क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित टुनाइट रेस्त्रां में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर लिखी गई पुस्तक एंपावर्ड होराइजन पाथवे टू जेंडर इक्वेलिटी इन कंटपरेरी इंडिया का विमोचन किया गया।

यह किताब एकेपी कॉलेज की राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शालिका अग्रवाल ने लिखी है। पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. पुनीत गोयल, आईएएस सचिव, एनसीएसटी, भारत सरकार ने किया। इस मौंके पर प्रोफेसर शालिका अग्रवाल ने कहा कि यह पुस्तक महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण, और समान नागरिक संहिता के महत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डालती है। इसमें जीवन से जुड़े उदाहरण और महिलाओ के सशक्तिरण से संबन्धित व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं, जो पाठकों को प्रेरित करते हैं। प्रोफेसर शालिका अग्रवाल ने कहा कि यह पुस्तक केवल चुनौतियों को उजागर करने के बारे में नहीं है, बल्कि उनसमाधानों को प्रस्तुत करने के बारे में है।इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. पुनीत कुमार गोयल आईएएस ने पुस्तक की प्रासंगिकता तथा आवश्यकता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए जेंडर इक्वलिटी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होने पुस्तक में दिये गए महत्त्वपूर्ण सुझावों को कार्यान्वित करने पर बल दिया। उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका पर ज़ोर देते हुए पुस्तक की गहराई और प्रासंगिकता की सराहना की। इस मौके पर पुस्तक पर आयोजित पैनल चर्चा में विशेषज्ञों न्यायमूर्ति डा. विजय लक्ष्मी, डा. हेमलता अग्रवाल, डा. गुरजोत कौर, आईडीएएस तथा डा. नीलम शर्मा जी ने पुस्तक की व्यावहारिकता और समाधान आधारित दृष्टिकोण की तारीफ की। इस अवसर पर मैनेजमेंट समीति, एकेपीजी कॉलेज के उपाध्यक्ष एवं अनेक सदस्य भी शामिल हुए। एसएसवी कॉलेज के प्राचार्य भी समारोह में मौजूद रहे।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत 19 वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर, हापुड़ देहात, हाफिजपुर, धौलाना, बहाद. ुरगढ़ व गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा कुल 15 वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।

थाना हापुड़ नगर पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी शमशाद पुत्र खचेडू निवासी त्रिलो. की पुरम हापुड नगर जनपद हापुड रवि पुत्र राधेलाल निवासी मौ खाई कोठी गेट थाना हापुडनगर जनपद हापुड, नदीम पुत्र जग्गी निवासी कोटला मेवातियान थाना हापुड नगर जनपद हापुड, दीपक पुत्र पप्पू निवासी जसरूपनगर आटा मील वाली गली हापुड थाना हापुड नगर जनपद हापुड, विशान्त पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौ बनारसी पुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड, विकाश पुत्र शिवकुमार निवासी चमरी थाना हापुड नगर जनपद हापुड और अजय कुमार पुत्र आनन्द कुमार निवासी शम्भूपुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड, थाना देहात पुलिस ने गौरव पुत्र नरेश निवासी मौ भीम नगर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड, महेश पुत्र शीशराम निवासी ग्राम धनौरा थाना हापुड देहात जनपद हापुड, थाना घौलाना पुलिस ने सुनील पुत्र टीकम निवासी कमरुद्दीनगर थाना कपूरपुर, थाना हाफिजपुर पुलिस ने अनिल पुत्र ताराचन्द निवासी ग्राम हसनपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने महिंदा पुत्र देवीसरन निवासी नया गांव इनायतपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड, थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने नूरहसन पुत्र मौहर खाँ निवासी ग्राम ठैरा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड, सोनू पुत्र गजेन्द्र सोनू उर्फ टुण्डा पुत्र इलामशेख निवासी निवासी गांव बनखण्डा थाना बाबूगढ जनपद हापुड़, बिल्लू पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम छतनौरा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ और चन्द्र शेखर उर्फ शेखर पुत्र गुरूचरण सिंह निवासी वर्ड नं 4 चण्डी मन्दिर वाली गली थाना बाबूगढ, टीटू पुत्र बाबूसिंह निवासी ग्राम ठैरा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ और विनोद पुत्र जगदीश निवासी ग्राम टैरा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है।



# 12वीं परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर के मोहल्ला सर्वोदय नगर में निवास करने वाले कपड़ा व्यवसायी पंकज गर्ग की पुत्री सानवी गर्ग ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया है।

सानवी, स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार गर्ग की पौत्री और हनी गर्ग की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर व नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी उनके आवास पहुंचे और सानवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सानवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे मेधावी छात्र नगर व जनपद की पहचान हैं।



# आंदोलन के समय 11 दिन का वेतन काटे जाने पर मिल कर्मचारी भड़के

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ग्यारह दिन का वेतन काटे जाने पर भडके कर्मी दोबारा आंदोलन प्रारंभ करते हुए चीनी मिल की बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप कर धरने पर बैठ गए।

अप्रैल माह में सिंभावली चीनी मिल के सीजनल कर्मचारियों ने रुके हुए रिटेनरशिप और ओवर टाइम के भुगतान को लेकर चौदह दिनों तक कामकाज का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया था। जिसका हवाला देते हुए मिल प्रबंधन ने संबंधित कर्मचारियों के ग्यारह दिन के वेतन में कटौती कर दी है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया है। शनिवार को नारेबाजी करने के बाद दोबारा से आंदोलन प्रारंभ करते हुए धरने पर बैठ गए। आधा वेतन कटने से नाराज कर्मचारियों ने हंगामा करते हुए चीनी मिल की बिजली और पानी सप्लाई को पूरी तरह ठप कर दिया। सुदेश पाल सिंह, पवन त्यागी, दिनेश शर्मा, अरुण त्यागी, मास्टर ताहिर ने मिल प्रबंधन पर बदले की भावना से कार्रवाई करते हुए आधा वेतन काटे जाने के विरोध में आरपार की लड़ाई लडने की चेतावनी दे डाली। रविंद्र चौधरी, मोहम्मद नाजिम, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र चौधरी, हरेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले माह में किए गए आंदोलन को समाप्त करने के दौरान मिल प्रबंधन ने जो वादे किए थे, अब उनसे मुंह मोडकर ग्यारह दिन के वेतन में कटौती करते हुए कर्मचारियों का खुला शोषण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा, भले ही विरोध में कितनी ही बड़ी लड़ाई क्यों न लडनी पड़े। बैंकों से लिए हुए सैकड़ों करोड़ के कर्ज की अदायगी न होने पर कोर्ट द्वारा पिछले पेराई सत्र से पहले सिंभावली चीनी मिल को दिवालिया घोषित कर दिया गया था। मिल का कार्य सुचारू बनाए रखने को लेकर कोर्ट द्वारा कंट्रोलर के रूप में अनुराग गोयल की नियुक्ति की हुई है, जिनका कहना है कि अप्रैल माह में कर्मचारियों द्वारा आंदोलन किया गया था। जिसके पहले ही दिन बोर्ड पर नोटिस चस्पा करा दिया गया था कि जो कर्मचारी कामकाज नहीं करेगा, उसका वेतन काट लिया जाएगा। इसलिए ग्यारह दिन का वेतन काटा जाना पूरी तरह न्यायसंगत कार्रवाई है। इसी समस्या को लेकर मिल प्रबंधन से जुड़े कई अधिकारी तहसील मुख्यालय पर आ गए, जिन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम को अपना दुखड़ा सुनाकर मिल परिसर की बिजली पानी सप्लाई को सुचारू कराने की गुहार लगाई। परंतु इसके बाद भी कोई राहत मिल पानी संभव नहीं हो पाई है।

# गजराज सिंह को बुलंदशहर जिले का कॉर्डिनेटर किया नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक गजराज सिंह को संगठन सृजन अभियान में बुलंदशहर जिले का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया हैं। उनकी नियुक्ति पर जिला व् शहर कांग्रेस जनों में हर्ष व्याप्त हैं और पूर्व विधायक गजराज सिंह को यह नई जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और पूर्व विधायक को बधाई दी। गजराज सिंह ने कहा हैं कि रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर संगठन सृजन अभियान की एक महत्वपूर्व बैठक बुलाई गई थी। जिसमें प्रदेश के सभी पूर्व और नए पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष और समस्त फंटल संगठन के अध्यक्ष गण आमंत्रित किए गए थे। जहां सभी जनपदों से कॉर्डिनेटर की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आहवान पर उत्तर प्रदेश में अब संगठन को एक विशाल रूप देने के कार्य की शुरुआत होने जा रही है जिसके लिए सभी जनपदों में कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। ये कॉर्डिनेटर अपने अपने जनपदों में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। जिसमें बूथ स्तर तक की इकाई संगठन के पदाधिकारियों द्वारा तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में मिशन 2027 को कामयाब बनाने के लिए कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। जिसकी शुरुआत पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कर दी हैं। उन्होंने कहा हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का स्पष्ट संदेश है कि संगठन के समस्त पदाधिकारी अपने घरों मे न बैठकर दिन-रात संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें और बूथ स्तर पर पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता खड़ा करें।



## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

**मो. 9897823485, 9927631162**

**जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़**

# युवक की पिटाई का वीडियो वायरल, तलाश में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट में युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र की तारापुरी गली नंबर 7 में एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। जिसमें देखा जा रहा है कि वीडियो में आधा दर्जन से ज्यादा लोग युवक को तमंचे की बट से पीटते दिख रहे हैं। वहीं किसी ने मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर छोड़ दी। घटना शनिवार की बताई जा रही है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपियों को पुलिस का कोई डर नहीं है। खुलेआम तमंचा लेकर घूम रहे हैं और उसकी बट से हमला कर रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी युवक को जमीन पर गिरा गिराकर लगातार पीटा जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो में दिख रहे सभी आरोपियों की पहचान की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## ट्रूकॉलर पर अब एआई से आपके मैसेज हो गए हैं और भी ज्यादा स्मार्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दुनिया में संचार के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने हाल ही में एआई पर आधारित मैसेज आईडी की शुरुआत की है। ट्रूकॉलर में इनसाइट्स के प्रोडक्ट डायरेक्टर, जॉन जोसेफ ने कहा, इस नए फीचर में एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लार्ज लैंग्वेज मॉडल का उपयोगकिया गया है, जो आपके एसएमएस इनबॉक्स को आपके डिवाइस पर ही स्कैन करता है जिससे आपके मैसेज की गोपनीयता बनी रहती है और जरूरी बिजनेस मैसेज को तुरंत पहचान लिया जाता है। प्रीमियम और नॉन-प्रीमियम यूजर्स के लिए मैसेज आईडी में एआई को शामिल करके, हम लोगों को उनके जरूरी एसएमएस मैसेज को संभालने का ज्यादा स्मार्ट और अधिक सुरक्षित तरीका उपलब्ध करा रहे हैं। संचार को अधिक सुरक्षित और अधिक कुशल बनाना ही हमारा मिशन है और ये इनोवेशन हमारे सफर में अगले कदम को दर्शाता है।

# कराटे चैंपियनशिप ट्रॉफी पर सेंट जेम्स के छात्रों का कब्जा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित सेंट जेम्स स्कूल में एएसआईएससीई जोनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसके अंदर मेरठ के चार स्कूल के कराटे छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह रहे। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह, व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंघ ने सभी छात्रों को मेडल ट्रॉफी देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंडर 14 बॉयज कैटिगरी में सेंट जेम्स के कराटे छात्रों ने अपना कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता को कराटे एसोसिएशन ऑफ मेरठ के क्वालीफाई रेफरी की जज व जनरल सेक्रेटरी शिहान नरेंद्र सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी वसीम अहमद के मार्गदर्शन में किया गया। सभी विजेता खिलाड़ी झांसी में होने वाली स्टेट कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## भाजपा ने गांव-गांव निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर विजय के उपरांत, तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जिले के जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक मनिंदर पाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, कॉपरेटिव चेयरमैन विमल शर्मा, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, पूर्व विधायक रणवीर राणा, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला वीपेन्द्र सुधा वाल्मीकि, आयुष चपराणा, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, संजय गुर्जर, मोहन किनौनी, अनिल फौजी, राहुल, अनिल दबथवा, आलोक जैन, विक्रम सोम, सुनील प्रधान, श्रवण सोम व जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी गण देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के जन सैलाब में देशभक्ति की भावना के वसीभूत सभी साथी हाथ में तिरंगा लिए देश की एकता, अखंडता और भारतीय सेना के सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# तीन दिवसीय मेगा शिविरों में भारी संख्या में उपभोक्ता प्रतिभाग कर हुए लाभान्वित

### 600.65 लाख रुपये की हुई रिकार्ड राजस्व वसूली, भविष्य में खण्ड/मण्डल स्तर पर भी आयोजित होंगे मेगा कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 15 मई से 17 मई तक (तीन दिवसीय) विद्युत मेगा कैम्पों का आयोजन किया गया, मेगा शिविरों में भारी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिभाग कर, लाभान्वित हुए। 15 मई से 17 मई तक समस्त 14 जनपदों में मेगा शिविरों में बिल संशोधन संबंधी 3039 आवेदन, विद्युत चोरी निर्धारण से संबंधित 119 आवेदन, मीटर बदलने संबंधी 1316 आवेदन, नये संयोजन निर्गत करने 1016 आवेदन एवं 723 आवेदन अन्य प्रकरणों से संबंधित प्राप्त हुए। इस प्रकार 15 मई से 17 मई तक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अन्तर्गत समस्त 14 जनपदों में कुल 5490 आवेदन बिल संशोधन, राजस्व निर्धारण, मीटर बदलने, नये संयोजन आदि से संबंधित प्राप्त हुये जिनमें से लगभग 4720 आवेदनों का तत्परता से मौके पर निरस्त कर दिया गया, शेष आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। डिस्कॉम के समस्त 14 जनपदों मे 15 मई से 17 मई तक आयोजित मेगा शिविरों में लगभग 600.65 लाख की रिकार्ड राजस्व वसूली प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त 2163 संयोजनो का लगभग 2985.50 कि.वा. लोड मेगा शिविरों मे बढ़ा दिया गया है।

प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने बताया कि डिस्कॉम सभी सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये कृतसंकल्पित है। उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। प्रबंध निदेशक ने आह्वान किया कि मेगा शिविरों में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिये, भविष्य में खण्ड/मण्डल स्तर पर भी मेगा कैम्पों का आयोजन किया जायेगा, जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। प्रबंध निदेशक ने भारी संख्या मे उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निवारण एवं मेगा शिविरों मे रिकार्ड राजस्व वसूली का श्रेय, विद्युत कर्मियों को दिया है। उन्होनें कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों व अधिकारियों के अथक प्रयास से, उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से समाधान के साथ-साथ रिकार्ड राजस्व वसूली हासिल हुई।

## भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने भू-माफियाओं के खिलाफ खोला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के युवा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गिल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी मवाना को ज्ञापन देकर भू माफियाओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई तथा तहसील के पटवारी व कानूनगो आदि पर भू माफियाओ से सेटिंग कर आम किसानजनों को परेशान करने का आरोप लगाया।

युवा जिला अध्यक्ष ने बताया कि किला परीक्षितगढ़ क्षेत्र व ग्राम मीवा आदि से किसानो की जमीनों से संबंधित कुछ मुद्दे यूनियन के सामने आए हैं। शनिवार को यूनियन के कार्यकर्ताओं व किसानों के साथ एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मवाना दीपक माथुर को देते हुए आमजन व किसानों की समस्या से अवगत कराया गया। तथा चेताया कि अगर एक हफ्ते के अंदर कोई समाधान नहीं हुआ तो मवाना तहसील पर भारतीय किसान यूनियन चढूनी अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर युवा तहसील अध्यक्ष रणपाल सिंह, तहसील महासचिव आशू यादव, ग्राम अध्यक्ष मोहित कुमार, ग्राम प्रधान वीरपाल सिंह, खेमचंद प्रधान, संजू धाम, मनोज कुमार मेवा सहित दर्जनों यूनियन कार्यकर्ता तथा किसान मौजूद रहे।

## ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने एनर्जी एक्सपो 2025 में पेश किए एडवांस्ड सोलर सॉल्यूशंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इनोवेटिव पॉवर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाले ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड (ईएपीएल) ने लखनऊ में 8 मई से 10 मई के बीच आयोजित हुई लखनऊ एनर्जी एक्सपो में अपने सोलर सॉल्यूशंस की नई श्रृंखला पेश की, जिसमें ग्रिड-टाई, ऑफ-ग्रिड और हाईब्रिड सहित संपूर्ण सेगमेंट में सोलर एनर्जी सॉल्यूशन शामिल हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, शेखर सिंघल ने कहा, हाई-एफिशियंसी टॉपकॉन पैनल्स, इंटेलीजेंट हाईब्रिड इन्वर्टर और आधुनिक लीथियम बैटरी समाधानों की हमारी नई श्रृंखला के साथ हमारा उद्देश्य क्लीन एनर्जी की उपलब्धता और एफिशियंसी बढ़ाना है तथा इसे हर भारतीय परिवार एवं व्यवसाय के लिए यूजर-फ्रेंडली बनाना है।

## यूरेका फोर्ब्स ने श्रद्धा कपूर को बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड ने अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को वैक्यूम क्लीनर की अपनी प्रतिष्ठित श्रृंखला के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड के चीफ ग्रोथ ऑफिसर अनुराग कुमार ने कहा कि हमें यूरेका फोर्ब्स परिवार में अपने वैक्यूम क्लीनर के चेहरे के रूप में श्रद्धा कपूर का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। श्रद्धा कपूर ने यूरेका फोर्ब्स के साथ अपने जुड़ाव के बारे में कहा कि मैं यूरेका फोर्ब्स परिवार के साथ जुड़कर वाकई बहुत खुश हूं।

## वरिष्ठ अधिवक्ता ने लगाया पुत्र व पुत्रवधू पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह चाढ़ पुत्र महाराज सिंह निवासी सी-8, सर्वोदय कॉलोनी ने शनिवार देर रात्रि बताया कि उनके पुत्र युवराज सिंह व पुत्रवधू निशा उनके साथ मारपीट व अभद्रता का आचरण कर रहे हैं जिससे वह बुरी तरह आहत हैं। अधिवक्ता की मानें तो उन्होंने अपने पुत्र व पुत्रवधू को चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया।

# तहसील सदर में हुए समाधान दिवस में 42 शिकायतों में मात्र तीन का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, एसडीएम सदर अंकित कुमार, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

## भारत में घरेलू सोलर मार्केट के लिए हस्क ने लॉन्च की बीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हस्क ने खास तौर पर भारत में घरेलू छतों पर लगाए जाने वाले सोलर के लिए बीम के लॉन्च की घोषणा की। हस्क के सीईओ और को-फाउंडर मनोज सिन्हा ने कहा कि कंपनी बेहतरीन ग्राहक सेवा और उत्कृष्ट टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी। बीम पर हस्क का पूरा मालिकाना हक है और बीम पूरे देश में घरेलू ग्राहकों को टारगेट करेगी। कंपनी इसके लिए सोलर सिस्टम डिजाइन के क्षेत्र में हस्क की दो दशकों की विशेषज्ञता, टेक्नोलॉजी डिजाइन, इंस्टालेशन और सर्विस का पूरा लाभ उठाएगी। हस्क की चीफ कमर्शियल ऑफिसर (सीसीओ) और बीम की प्रमुख अनुभा शुक्ला कहती हैं भारत में घरेलू सोलर के विकास के लिए आदर्श स्थिति के बावजूद इंडस्ट्री घरेलू उपभोक्ताओं या ग्राहकों की जरूरतोंको पूरा करने की स्थिति में फिलहाल नहीं हैं।

# 108 आरएएफ बटालियन ने किया थाना बहसूमा परिसर का भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन तांडा एवं सेनानायक रवीश कुमार सिंह 108 आरएएफ एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश कुमार मिश्र तथा क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर कस्बे में 108 बटालियन आरएएफ मेरठ कंपनी कमांडर एवं थाना पुलिस द्वारा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में भ्रमण किया और कार्यवाहक थानाध्यक्ष उदयपाल सिंह के द्वारा थाना परिसर में तैनात सब इंस्पेक्टर एवं पुलिसकर्मियों के साथ एक मीटिंग भी की जिसमें आपातकालीन जैसे हालातों में निपटने के बारे में चर्चा की गई।

# वेंक्टेश्वरा में नि:शुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नई दिशा का शुभारंभ

### यह योजना कैरियर विकल्प चुनने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी: प्रो. कृष्णकान्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय-संस्थान में बोर्ड परीक्षा के उत्तीर्ण एवं ग्रेजुऐशन युवाओ को आगे भविष्य के लिए सशक्त कैरियर विकल्प चुनने की शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना ''नयी दिशा 2025'' की शानदार शुभारम्भ हो गया। आगामी साठ दिनो तक चलने वाली इस शैक्षणिक परामर्श योजना के तहत देश के जाने-माने कैरियर विशेषज्ञ पश्चिमी यूपी के दसवीं-बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को विवि में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक पाठयक्रमों की जानकारी के साथ-साथ सिविल सर्विसेज, डिफेन्स सर्विसेज, पुलिस एवं प्रशासनिक सेवाओ समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी एवं चयन के लिए शैक्षणिक योग्यता समेत महत्वपूर्ण जानकारी निशुल्क प्रदान करेंगे।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी. वी. रमन सभागार में आयोजित महत्वाकांक्षी निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा 2025 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. मधु चतुर्वेदी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। वेंक्टेश्वरा की निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा-2025 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विख्यात कैरियर कोच एवं राष्ट्रीय प्रेरकवक्ता डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि (60) दिनों तक चलने वाली इस शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा से पश्चिमी यूपी विशेष रूप से मेरठ, मुरादाबाद मण्डल के दसवीं-बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को एक स्थायी सम्मानित एवं सशक्त कैरियर विकल्प चुनने में मदद मिलेगी।

देश भर के दो दर्जन से अधिक कैरियर विशेषज्ञ आने वाले साठ दिनो में युवाओ को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक पाठयक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ में चयन के लिए आवश्यक योग्यता एवं तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स निशुल्क प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. एस. एन. साहू, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. टी.पी. सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. अश्विनी सक्सेना, डॉ. सौरभ मित्र, मारूफ चौधरी, मार्केटिंग निदेशक तरूण काम्बोज, अरूण गोस्वामी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



# शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा पंजाब

**पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है**

**जयपुर, वार्ता।** मेजबान राजस्थान रॉयल्स को हरा कर पंजाब किंग्स का लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना होगा। रविवार दोपहर को सवाई मानसिंह स्टेडियम में उनका मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है। पंजाब ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं और श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सही समय पर शीर्ष पर पहुंच गया है। राजस्थान के खिलाफ जीत से पंजाब किंग्स शीर्ष पर पहुंच सकता है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी कड़ी हो जाएगी। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स पिछले पांच मैचों में से चार में हार के बाद इस मैच में उतरेगी। शुरुआती उम्मीदों पर खरा उतरने वाली यह फ्रेंचाइजी मौकों का फायदा उठाने में विफल रही है और चोटों और असंगति से जूझ रही है। चोट के कारण संजू सैमसन के बाहर होने के कारण, नेतृत्व और स्थिरता मिलना मुश्किल हो गया है। पंजाब की ताकत उनके विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और संतुलित गेंदबा. जी आक्रमण में निहित है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह शानदार फॉर्म में हैं, आर्य ने पिछले मैच में सिर्फ 34 गेंदों पर 70 रन बनाए। मध्य क्रम में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस और कप्तान अय्यर मजबूती और गति प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और अजमतुल्लाह उमरजई, यदि उपलब्ध हों, तो निचले मध्य क्रम को और मजबूत करते हैं। गें. दबाजी विभाग में, अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में तेज गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि मार्को जेनसन और ओमरजई सीम विकल्प प्रदान करते हैं। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, जिन्होंने इस सीजन में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं, जयपुर की पिच पर एक महत्वपूर्ण खतरा होंगे, जिसने मध्यम टर्न और दो-गति की उछाल दिखाई है। घरेलू टीम के लिए युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन की शुरुआत में धमाकेदार शतक के साथ खुद को साबित किया, और रियान पराग ने हाल ही में केकेआर से हारने पर 95 रनों की पारी खेलकर अकेले दम पर खेला। हालांकि, फिनिशिंग फायरपावर की कमी और संघर्षरत गें. दबाजी इकाई ने उनके अभियान को नुकसान पहुंचाया है।

# प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उतरेगी डीसी

**दिल्ली कैपिटल्स को हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात को हर हाल में हराना होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अपने पहले छह मैचों में से पांच में जीत के साथ इस सीज़न की शानदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ़ की अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को हर हाल में हराना होगा।

पिछले 11 मैचों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज दिल्ली अभी भी अंकों के लिहाज से प्लेऑफ़ के लिए दावेदार है लेकिन अन्य दावेदारों के पीछे होने और केवल तीन मैच बचे होने के कारण एक और चूक उन्हें भारी पड़ सकती है। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स इस सीज़न में 11 मैचों में 16 अंकों के साथ सबसे सफल टीम रही है और शीर्ष दो में जगह बनाने के करीब है। मेजबान टीम को बड़ा झटका तब लगा जब स्टार तेज गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति ने तेज गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, जिससे दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और वापसी करने वाले टी नटराजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। 12 विकेट और 6-74 की इकॉनमी के साथ कुलदीप यादव मध्य ओवरों में उनके सबसे भरोसेमंद विकल्प बने हुए हैं। केएल राहुल ने दिल्ली के लिए बल्ले से बेहत. रीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने 142-16 की स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 381 रन बनाए हैं। अभिषेक पोरेल ने शीर्ष क्रम में मजबूत साथ दिया है, जबकि अक्षर पटेल और प्रभावशाली खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दक्षिण अफ्रीकी अनुभवी फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स के देर से आने से टीम के फिर से खेलने की उम्मीद जगी है। जेक फेज़र-मैकगर्क की जगह बांग्लादेश के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन रविवार के मैच के लिए उनकी उपलब्धता अनिश्चित है, क्योंकि उनके पिछली शाम शारजाह में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने की उम्मीद है। इस बीच, गुजरात टाइटन्स अच्छी तरह से व्यवस्थित दिख रही है और सही समय पर शीर्ष पर पहुंच रही है। उनके शीर्ष क्रम साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर सभी ने इस सीजन में 500 रन का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे उन्हें बल्लेबाजी में एक मजबूत बढ़त मिली है। शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया ने मध्यक्रम में और भी आक्रामक खेल दिखाया है, जबकि उनकी गेंदबाजी इकाई लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने सामूहिक रूप से 35 विकेट लिए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बारिश के कारण बेंगलुरु-केकेआर के बीच मुकाबला खतरे में

**बेंगलुरू, वार्ता।** विराट को. हली के शानदार टेस्ट करियर के लिए आयोजित की जाने वाला भव्य समारोह आज शाम खटाई में पड़ सकता है। भारी बारिश के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और केकेआर के बीच आईपीएल 2025 का मैच पटरी से उतरने का खतरा है। पूर्व भारतीय कप्तान की लाल गेंद वाले क्रिकेट से विदाई की यादें प्रशंसकों के जेहन में ताजा हैं, ऐसे में आरस. ीबी के खिलाड़ी अपने आइकन को सम्मानित करने के लिए तैयार हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी रोमांचक होने का वादा कर रहा है। हालांकि, इंद्र देवता सहयोग करने के लिए अनिच्छुक दिखाई दे रहे हैं। पूर्वानुमानों के अनुसार टॉस के समय शाम सात बजे बारिश होने की 71 प्रतिशत संभावना है, और पूरी शाम बारिश जारी रहेगी। एक्यूवेदर के अनुसार, शाम पांच बजे बारिश की संभावना 58 प्रतिशत है और रात 9 बजे भी यह 49 प्रतिशत बनी हुई है, जिससे संभावित बाढ़ की आशंका बढ़ गई है।पिछले कुछ दिनों में बेंगलुरु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश हुई है, कई इलाकों में जलभराव की खबरें हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम, हालांकि विश्व स्तरीय जल निकासी प्रणाली से लैस है, फिर भी अगर शाम तक बारिश जारी रहती है तो संघर्ष करना पड़ सकता है। यह मैच काफी अहम है। आरसीबी को प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए जीत की जरूरत है और वह अंक साझा करने से बचना चाहेगी। इस बीच, केकेआर इस सीजन में एक बार पहले ही मौसम की मार झेल चुका है - ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसका पिछला मैच सिर्फ एक ओवर के बाद रद्द कर दिया गया था। आयोजक और प्रशंसक अब सांस रोककर आसमान को देख रहे हैं। बारिश के साफ होने पर देर से शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन कोहली को विदाई देने वाले एक पूर्ण, सूखे स्टेडियम में खेले जाने वाले भावनात्मक प्रतिध्वनि मौसम की पहली मार हो सकती है।

# नीरज चोपडा ने पहली बार किया 90 पार

● **नीरज चोपडा ने दोहा डायमंड 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई**

**दोहा, वार्ता।** भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया।

टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85-34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले। जमैका की टिया क्लेटन ने महिलाओं की 100 मीटर में 10-92 सेकंड की विश्व बढ़त हासिल की, उन्होंने वापसी करने वाली शेली-एन फेज़र-प्राइस सहित एक मजबूत क्षेत्र को हराया, जो 2022 के बाद से अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में चौथे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रेजर-प्राइस का सर्किट में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बोत्सवाना के लेट्साइल टेबोगो ने यूएसए की कोर्टनी लिंडसे को मात्र 0:01 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 20:10 सेकंड का समय लिया, जबकि ललडसे ने 20:11 सेकंड का समय लिया। फील्ड स्पर्धाओं में ग्रेट ब्रिटेन की मौली कॉडरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 4.75 मीटर की छलांग लगाकर जीत हासिल की। इस स्पर्धा में यूएसए की ओलंपिक चैंपियन कैटी मून और सैंडी मॉरिस शामिल थीं। इटली की रॉबर्टा ब्रूनी और मून ने 4.63 मीटर की समान छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रशीद ब्रॉडबेल ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.14 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की, जबकि यूएसए के शेल्बी मैकएवेन ने पुरुषों की ऊंची कूद में 2.26 मीटर की दूरी तय करके पेरिस ओलंपिक में मिली हार का बदला लिया और न्यूजीलैंड के हामिश केर (2-23 मीटर) को पछाड़कर जीत हासिल की। केन्या के धावकों ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया।




## नया कीर्तिमान स्थापित करने पर नीरज को बधाई दी

जयपुर, वार्ता। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एथलीट नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग में इतिहास रचते हुए पहली बार 90 मीटर की दूरी पार कर नया कीर्तिमान स्थापित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से नीरज चोपड़ा के इस कीर्तिमान पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस असाधारण प्रदर्शन से उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा 'शाबाश नीरज। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रतिभाशाली एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में अपने करियर में पहली बार 90.23 मीटर भाला फेंककर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित




■ **टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चीली खेलेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।

इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी लमज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, खैदेम शिलेमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा होंगी, जबकि हुडा खान और मुनमुनि दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। फॉरवर्ड लाइन में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं, जबकि सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, ह जूनियर विश्व कप के छह महीने हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्रदान करेगा।

# भारत मालदीव को हराकर सैफ अंडर-19 के खिताबी मुकाबले में

● **भारत ने गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराया**

**अरुणाचल प्रदेश, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डैनी मेइतेई लैशराम (14'), ओमंग डोडम (21') और प्रशान जाजो (66') के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। भारत का सामना बांग्लादेश अंडर-19 टीम से होगा, जिसने पहले दिन हुए दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराया था। शुरुआत से ही भारत का खेल पर पूरी तरह नियंत्रण नजर आया। गेंद पर कब्ज़ा जमाकर और गति को नियंत्रित करते हुए उन्होंने लगातार हमलों के साथ मालदीव को अपने ही हाफ में धकेल दिया। 14वें मिनट में एक बेहतरीन कॉर्नर रूटीन के बाद शुरुआती सफलता मिली। प्रशान जाजो ने बाईं ओर से एक आकर्षक डिलीवरी की, और डैनी मीतेई ने बाएं पैर से वॉली से शानदार तरीके से गेंद को जोड़ा, जो उछलकर नेट के पीछे जा गिरी। यह डैनी का टूर्नामेंट का पाँचवाँ गोल था और उनकी शानदार फिनिशिंग का एक और उदाहरण था। भारत ने छह मिनट बाद ही दूसरा गोल किया और यह बेहतरीन टीम वर्क का नतीजा था। जाजो ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और गेंद को बाएं विंग से आगे बढ़ाकर मालदीव की बैकलाइन पर पहुंचा दिया। मेइतेई ने स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी ओमांग डोडम को गेंद दी, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और हाफ टाइम तक भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि मालदीव ने पिछले मैचों में आक्रामक खेल दिखाया था, लेकिन उन्हें भारतीय डिफेंस को भेदने में दिक्कत हुई। जब वे शॉट लगाने में सफल रहे, तो गोलकीपर सूरज सिंह अहीबाम ने उनका बखूबी साथ दिया। भारत ने दूसरे हाफ में रणनीति के मामले में चतुराई दिखाई और मालदीव को वापसी करने का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद उनके जोरदार तरीके से आगे बढ़ने की संभावना को देखते हुए भारत ने पासिंग लेन बंद कर दी और किसी भी संभावित खतरे को खत्म कर दिया। दूसरे हाफ में भारत ने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया और जल्द ही गोलकीपिंग की गलती का फायदा उठाया। 65वें मिनट में, जाजो ने बॉक्स के बाहर से दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया। मालदीव के गोलकीपर ज़ाहरान हसन ज़ियाद शॉट की गति का सही अनुमान नहीं लगा पाए और गेंद उनके हाथों से फिसल गई। जिसने मैच को 3-0 पर पहुंचा दिया।मालदीव द्वारा सम्मान बचाने के लिए कुछ देर से किए गए प्रयासों के बावजूद, भारत की बैकलाइन मूसलाधार बारिश के बीच भी दृढ़ रही और एक और सुनिश्चित प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में, बांग्लादेश ने कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल में नेपाल अंडर-19 के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले हाफ में गोल रहित और संघर्षपूर्ण खेल के बाद, खेल अंतिम 20 मिनट में जीवंत हो गया। आशिकुर रहमान ने 74वें मिनट में गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की, और संयमित फिनिश के साथ गतिरोध को तोड़ा।



# सिनर-अल्काराज इटैलियन ओपन के फाइनल में

■ **जेनिक सिनर ने अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल को हराकर अगले दौर में बनाई जगह**

**रोम, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-0, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं।

उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया। घरेलू प्रबल दावेदार ने पॉल को पीछे छोड़ते हुए लगातार नौ गेम जीत लिए, और अमेरिकी खिलाड़ी वापसी नहीं कर सका। इससे पहले शुक्रवार को, अल्काराज़ ने लो. रेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर इटली के खिलाफ़ फ़ाइनल की उम्मीदों को तोड़ दिया था। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज़ इस महीने के अंत में होने वाले फ्रेंच ओपन के लिए अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। मौजूदा रोलैंड गैरोस चैंपियन ने सिर्फ़ दो घंटे से ज़्यादा समय में सीधे सेटों में जीत हासिल करके सीज़न के चौथे फ़ाइनल में प्रवेश किया। मुसेट्टी के लिए, यह स्पैनियार्ड से लगातार पाँचवीं हार थी, जिसमें पिछले महीने मोंटे कार्लो फ़ाइनल में क्ले पर हुई मुकाबले में मिली हार भी शामिल है। 23 वर्षीय मुसेट्टी ने पहले सेट में सर्विस के तीन ब्रेक दिए और 29 अनफ़ोर्स्ड एरर किए, और क्ले में अपना रैकेट पटकने के बाद अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी। दूसरे सेट की शुरुआत में खिलाड़ियों ने ब्रेक का आदान-प्रदान किया और मुसेट्टी ने कुछ शानदार शॉट्स के साथ 4-3 से बढ़त हासिल की।

## इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान कर दिया है। डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है, जबकि ध्रुव जुरेल उनके डिप्टी बनाए गए हैं।

बीसीसीआई ने बताया कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। टीम को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा।

इंग्लैंड लायंस से इंडिया ए का पहला मैच 30 मई से 2 जून और दूसरा मैच 6 से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा। सीनियर टीम को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा। यह दौरा 4 अगस्त तक चलेगा। इन प्लेयर्स की हुई वापसी इस टीम में करुण नायर, शार्दूल ठाकुर और ईशान किशन जैसे बड़े नाम हैं। तनुष कोटियान, आकाश दीप भी शामिल हैं। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है। सीनियर प्लेयर्स को भी टीम में चुना गया इस टीम में कई सीनियर टीम के प्लेयर्स को जगह दी गई है। इनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दूल ठाकुर जैसे नाम हैं।




**नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते वकील।**

## लुप्तप्राय काकापो तोते को संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान का सफल उपयोग

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के लुप्तप्राय हो रहे काकापो तोते को संरक्षित करने की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस प्रजाति की प्रजनन क्षमता में सुधार लाने और दुर्लभ आनुवंशिकी संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान (एआई) का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। न्यूज़ीलैंड के संरक्षण विभाग, ओटागो विश्व. विद्यालय और जर्मनी के जस्टस लिबीग विश्वविद्यालय गिसेन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एआई दुनिया के सबसे दुर्लभ तोतों में से एक को संरक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो प्रजनन सफलता को बढ़ाने और आवश्यक आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में मददगार है।

# ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति नाराज, कहाः जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था।

ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है। एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने सुनवाई से इन्कार किया था, अब वही फैसला देगी इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का



**सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा**

अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। हालांकि यह फैसला अभी अस्थाई है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था। अदालत के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा-सुप्रीम कोर्ट हमें अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं देगा। ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोह 'ट्रेन डे अरागुआ' से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था। अल सल्वाडोर में इन अप्रवासियों को दुनिया की सबसे खतरनाक मानी जाने वाली सीकोट जेल में भेज दिया गया।

### ट्रम्प फिर पलटे, कहाः भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रो. कने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैं, 'छ वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वार। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें

**अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहाः मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला, 7 दिन में छह बार सीजफायर पर बयान दिए**

इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा से भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। एसएसबी सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि बिना वैध कागजात के भारत में प्रवेश करने के कारण एक कनाडाई नागरिक को रक्सौल सीमा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का निवासी है, जो वर्तमान में कनाडा का नागरिक है। एसएसबी टीम ने पूछताछ के बाद हरप्रीत को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला है कि हरप्रीत 2023 में भारत आया था और उसके वीजा की अवधि 2024 में ही समाप्त हो गई थी। वीजा की अवधि समाप्ति के बाद भी वह भारत में प्रवास करता रहा। सूत्रों ने बताया कि हरप्रीत पिछले दिनों रक्सौल के रास्ते नेपाल और फिर हांगकांग होते हुए कनाडा लौटने के लिए काठमांडू गया था। हरप्रीत ने बताया कि पंजाब में किसी ने उसे यह रास्ता सुझाया था।

### ब्रिक्स ऊर्जा मंत्री सम्मेलन के लिए ऊर्जा मंत्री ब्राज़ील की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मनोहर लाल ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ समावेशी और सतत वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सशक्त बनाने के विषय के अंतर्गत ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें बिजली क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल हैं। देश ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

### पोप लियो 14वें के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं। यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान और होली सी के साथ कूटनीतिक जुड़ाव के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बंधकों की रिहाई के लिए एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू

# गाजा पर इजरायली हमले जारी, तीन दिन में 250 मरे

**गाजा।** इजरायली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। इस आपरेशन के तहत इजरायल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजरायल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजरायल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री आपरेशन की शुरुआत की थी।

इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि



**24 घंटे में हमास के 150 ठिकानों पर हमला, गाजा खाली कराने का आपरेशन जारी**

उनके पास खाने का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (एफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में एफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने के बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का ही भोजन बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगीं। गाजा पट्टी के खान यूनिस में फलस्तीनी लोग भूख के संकट से जूझ रहे हैं। इजरायल ने मार्च में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई पर रोक लगा दी थी। अरब लीग शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने गाजा में युद्धविराम की मांग रखी इराक की राजधानी बगदाद में शनिवार को अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में शामिल हुए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में नरसंहार को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की। वहीं यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि हमें अब एक स्थाई युद्धविराम की जरूरत है। हम गाजा की आबादी के बार-बार जबरन विस्थापन को अस्वीकार करते हैं। जबकि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से गाजा में युद्धविराम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उनका देश गाजा के रि-डेवलपमेंट के लिए 'अरब फंड' बनाने का समर्थन करता है।

## इजरायल ने यमन के दो बंदरगाहों पर किया हमला

**सना।** इजरायल ने यमन के होदेइदाह और सालिफ पोर्ट पर हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि इनका इस्तेमाल हथियार लाने और ले जाने के लिए हो रहा था। यमन में हूती समर्थक टीवी चैनल अल मसीराह ने इन हमलों की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सेना ने इन दोनों बंदरगाहों पर 30 से ज्यादा बम गिराए। इसमें 1 व्यक्ति की मौत हुई है और 9 घायल हुए। हमले के बाद इजरायल ने कहा है हूती विद्रोही अगर हमले नहीं रोकते तो उनका हाल हमास और हिजबुल्लाह नेताओं जैसा होगा। इजरायल ने पिछले साल मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह की हत्या कर दी थी। इजरायली हमले में होदेइदाह पोर्ट

**इजरायली विदेश मंत्री बोलेः हमला नहीं रोका, तो हमास जैसा हाल करेंगे**

पर मौजूद जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा। पीएम नेतन्याहू बोलेः हूती सिर्फ मोहरा, इनके पीछे ईरान इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे पायलट ने हूती आतंकियों के दो ठिकानों पर सफल हमला किया है। हम हूतियों को और नुकसान पहुंचाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हूतियों के पीछे ईरान हैं। हूती सिर्फ एक मोहरा हैं। उनके पीछे जो ताकत है, जो उन्हें समर्थन देती है और निर्देश देती है, वो ईरान है।

# अमेरिका से भारत पैसा भेजना अब महंगा पड़ेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए अपने घर पैसे भेजना अब और महंगा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन आउटवर्ड रेमिटेंस यानी अमेरिका से बाहर दूसरे देशों में पैसा भेजने पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहा है। इससे हर साल भारत आने वाले पैसे पर अतिरिक्त 1.6 अरब डॉलर यानी करीब 13.3 हजार करोड़ रुपये टैक्स देना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसके लिए एक बिल लेकर आने वाले हैं।

इसका असर 4 करोड़ से अधिक लोगों पर पड़ेगा। इनमें ग्रीन कार्ड होल्डर और एच1बी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय शामिल हैं। ट्रम्प का यह कानून उन भारतीयों पर लागू नहीं होगा, जिनके पास अमेरिका की नागरिकता है। भारत में विदेशों से आने वाला पैसा पिछले एक दशक में दो गुना हो गया है। मार्च 2025 में आई आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुता. बिक 2010-11 में प्रवासी भारतीयों ने 55.6 अरब डॉलर भारत भेजे थे। 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 118.7 अरब डॉलर हो गया



**ट्रम्प प्रशासन पांच प्रतिशत टैक्स लगाएगा, हर साल 13 हजार करोड़ रुपये ज्यादा चुकाने होंगे**

है। भारत को सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भेजा है। भारत आने वाले कुल पैसे में इन देशों की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही। खाड़ी देशों की तुलना में भी इन देशों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। भारत में विदेशों से सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों ने भेजा। 2020-21 में भारत आने वाले पैसे में अमेरिका की हिस्सेदारी 23.4 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 27.7 प्रतिशत हो गई है।

# भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कियाः शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसा. इल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलाजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार संसद में टेलीग्राफ अखबार का एक कटआउट दिखाया। इसमें उन्होंने दावा किया कि दुनिया ने



**पाकिस्तान के पीएम ने कहाः आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें फोन कर बताया था**

पाकिस्तानी एयरफोर्स की ताकत का लोहा माना है और उसे 'आसमान का राजा' करार दिया है। इशाक डार ने गर्व से कहा कि ऐसा वे नहीं बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कह रहा है। हालांकि उनके इस झूठ की पोल पाकिस्तानी अखबार डान ने खोल दी। अखबार ने इसे फर्जी करार दिया। दरअसल डार ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की थी।

# शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद रूसी ड्रोन हमले में नौ की मौतः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वोत्तर में एक बस पर रूस के ड्रोन हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई।

यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जबकि दोनों पक्षों के नेताओं के बीच संभावित बैठक, युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति पर चर्चा हुई, लेकिन कोई बड़ी सफलता नहीं मिली और तब से रूस के हवाई हमले जारी हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमला आज सुबह सुमी क्षेत्र के बिलोपि. लिया शहर में हुआ। सुमी के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने भी टेलीग्राम पर कहा कि यह सिर्फ एक

**यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई**

और गोलाबारी नहीं है-यह एक निंदनीय युद्ध अपराध है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने एक नागरिकों को लक्ष्य बना कर उन पर हमला किया है।

रूस ने अभी तक यूक्रेन के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि उसने एक नागरिक बस पर हमला किया है। हालांकि, रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए लगभग उसी समय रिपोर्ट जारी की कि रूसी सेना ने ड्रोन से सुमी क्षेत्र में यूक्रेनी उपकरण मंचन स्थल पर हमला किया। रूस और यूक्रेन दोनों ने एक-दूसरे पर नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसे दोनों ने नकार दिया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त वैन दिखाई दे रही है, जिसमें यात्री सीटों के दाहिने और ऊपरी हिस्से में बड़े-बड़े छेद हैं। इसकी खिड़कियां और विडशील्ड भी चकनाचूर हो गये हैं। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में यूक्रेन में कुल मिलाकर रूसी हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 38 से ज़्यादा लोग घायल हुए, जिसमें सुमी में हुआ हमला भी शामिल है। डोनेट्स्क क्षेत्र में दो लोग मारे गए और खार्किव और खेरसॉन क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि शुक्रवार की वार्ता युद्ध के शुरुआती हफ्तों के बाद से दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बैठक थी, लेकिन तुर्की की अध्यक्षता में इस्तांबुल में हुई इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए।

## पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में अरब लीग (एलएएस) के नेताओं को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में अरब लीग के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला रूसी-अरब शिखर सम्मेलन है। पुतिन ने अरब लीग के नेताओं और महासचिव को 15 अक्टूबर को होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अरब लीग को टेलीग्राम पर कहा कि हम भविष्य में एलएएस के साथ रचनात्मक संवाद विकसित करने और इसके सदस्य देशों के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इस संदर्भ में, मैं संघ के सभी नेताओं और लीग के महासचिव को 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# किम जोंग उन ने हवाई अभ्यासों की निगरानी की

## उत्तर कोरिया के नेता ने सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों का किया आह्वान



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने का आग्रह किया है।

साथ ही कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) द्वारा बड़े पैमाने पर हवाई रक्षा और स्ट्राइक ड्रिल की निगरानी भी की। सरकारी स्वामित्व वाली मीडिया कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार किम ने 15 मई को आयोजित अभ्यास के दौरान गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन का निरीक्षण किया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्धाभ्यास को आधु. निक हवाई खतरों-क्रूज मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित-से बचाव में विमान-रोधी बलों और वायु इकाइयों की तत्परता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अभ्यास में लड़ाकू पायलटों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरियों, रडार ऑपरेटरों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयों सहित सैन्य शाखाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया गया। अभ्यास में आने वाले खतरों, विशेष रूप से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाली क्रूज मिसाइलों और स्वयं-विनाशकारी ड्रोनों का पता लगाने, उन पर नज़र रखने और उन्हें निष्क्रिय करने पर ध्यान कें. द्रित किया गया।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून ने छोड़ी पार्टी

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल ने शनिवार को घोषणा की कि वह आगामी तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कंजरवेटिव पार्टी 'पीपुल पावर पार्टी' (पीपीपी) से इस्तीफा दे रहे हैं। योल ने पत्रकारों से कहा कि मैं आज पीपुल पावर पार्टी छोड़ रहा हूं। मेरा उन साथियों को नमन है जो मुझ पर भरोसा करते हैं और लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उनका मानना है कि पार्टी से अलग होकर वह स्वतंत्र रूप से चुनावी समर्थन जुटा सकते हैं और यही रास्ता उन्हें देश की उदार लोकतंत्र की रक्षा करने में मदद करेगा। योल के खिलाफ हाल ही में कई विवाद सामने आए। इनमें मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश, महाभियोग प्रक्रिया और राष्ट्रपति पद से स्थाई रूप से हटाया जाना शामिल है। इन घटनाओं के चलते, कई लोगों ने सुझाव दिया कि योल को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए ताकि वे स्विग वोटर्स (जो किसी एक पार्टी से बंधे नहीं होते) को लुभा सकें।

# कोलंबिया में विद्रोही समूहों की लड़ाई 66000 लोगों ने किया पलायन

**बोगोटा।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने शुक्रवार को कहा कि कोलंबिया में विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई के कारण 2025 के पहले पांच महीनों में 66000 से अधिक लोगों को अपने घरों से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी मामलों के समन्वय के कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, देश में जारी हिसा के बीच नया विस्थापन 2024 में विस्थापित लोगों की कुल संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। ओसीएचए ने कहा कि पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे, जो सूडान और सीरिया के बाद विश्व में तीसरी सबसे बड़ी विस्थापित संख्या है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदार फरवरी में जारी किए गए यूएन केंद्रीय आपातकालीन कोष के 38 लाख डॉलर आवंटन के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं, जबकि उद्देश्य कैटाटुम्बो में 56000 से अधिक प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां 2025 में लड़ाई भीषण रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी कैटाटुम्बो क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्ति सेना (ईएलएन) के गुरिल्लाओं द्वारा किए गए हमलों और विस्थापित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (फार्क) के विवादित सदस्यों के साथ झड़पों में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। मार्च के अंत में, कोलंबियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी विभाग काउका में फार्क विद्रोहियों द्वारा किए गए एक विस्फोटक हमले में एक सैनिक की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्च में हिसा की वृद्धि से विभाग में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईएलएन और फार्क के बीच क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए तीव्र लड़ाई चल रही है। ओसीएचए ने कहा कि मानवीय आवश्यकताओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद, सहायता समुदाय की प्रतिक्रिया फंडिंग की कमी के कारण गंभीर रूप से बाधित हुई है। मानवीय साझेदारों ने केवल पहचानी गई आवश्यकताओं का 25 फीसदी ही पूरा किया है, जिससे लाखों लोग सहायता से वंचित रह गए हैं। उल्लेखनीय है कि 34.2 करोड़ डॉलर की कोलम्बिया मानवीय अपील में से केवल 14 प्रतिशत ही पूरा किया गया है।




# पारुल और अनुष्का ने रेड कार्पेट पर मचाया धमाल

**कान्स।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले रेड कार्पेट डेब्यू से धमाल मचा दिया। परूल गुलाटी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने बहुप्रतीक्षित फिल्म एडिगटन के वर्ल्ड प्रीमियर में हिस्सा लिया, जो प्रसिद्ध निर्देशक एरी एस्टर की नई फिल्म है और जिसमें जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे ग्लोबल सितारे हैं। पारुल ने इस खास मौके पर एक बेहद अनोखा परिधन पहना, जो पूरी तरह इंसानी बालों से बनाया गया था। इस आउटफिट को खुद पारुल ने आइडिया दिया और मशहूर स्टाइलिस्ट मोहित राय और डिज़ाइनर ऋद्धि बंसल ने इसे डिज़ाइन किया। यह लुक पारुल की अपनी हेयर एक्सटेंशन ब्रांड और उनकी एंटरप्रेन्योरशिप को समर्पित एक खास श्रद्धांजलि थी। इस पोशाक को बनाने में 12 कारीगरों की टीम ने एक महीने से ज़्डादा मेहनत की, जिसमें हर एक डिटेल पर बारीकी से काम किया गया। पारुल गुलाटी का यह लुक सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं था, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, पहचान और सिनेमा के प्रति उनके प्यार को दर्शाने वाला एक गहरा व्यक्तिगत इशारा था। पारुल गुलाटी ने कहा, कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होना मेरा एक सपना रहा है। सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी इंसान के रूप में जिसे सिनेमा से बेहद लगाव है। एडिगटन जैसी फिल्म के प्रीमियर में रेड कार्पेट पर चलना किसी सपने जैसा था। एरी एस्टर का काम हमेशा से मुझे प्रभावित करता रहा है और जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे अदाकारों को एक साथ स्क्रीन पर देखना एक यादगार अनुभव रहा। परूल ने कहा, मैं चाहती थी कि मेरा रेड कार्पेट लुक मेरी पहचान, मेरे सफर और मेरी सोच को दर्शाए।

ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। ग्लोबल फैन फॉलोइंग और जबरदस्त क्रिएटिव एनर्जी के साथ उन्होंने अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जर्नी शुरू की और देखते ही देखते भारत की सबसे लोकप्रिय ग्लोबल स्टार्स में शुमार हो गईं। 22 साल की उम्र में अनुष्का सेन ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इतने कम उम्र में इस आइकॉनिक मंच पर कदम रखना उनकी ग्लोबल पहचान को और मजबूती देता है।

# डाक्टर बनने की थी चाहत



**पंकज ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिए दाखिला ले लिया, लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गई और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरुआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म कामना से हुई।**

**मुंबई।** मखमली आवाज के जादूगर पंकज उधास ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी से करीब चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन बचपन के दिनों में वह डॉक्टर बनना चाहते थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके दादा भावनगर स्टेट के महारा. जा के डिप्टी दीवान थे। इसी वजह से पंकज के पिता केशुभाई उधस अक्सर महाराजा के महल में जाया करते थे। एक बार पंकज के पिता की मुलाकात उस ज़माने के एक मशहूर बीनकार अब्दुल करीम खां से हुई। उन्होंने खां साहब से दलिरुबा बजाना सीखा। काम से लौटने के बाद पंकज के पतिा बड़ी तल्लीनता के साथ दलिरुबा बजाया करते थे। उसकी आवाज पंकज को भी खूब भाती थी। हालांकी, संगीत में उनकी कोई रुचि नहीं थी। बचपन में पंकज उधास ने सोचा था कि वह बड़े होकर डॉक्टर बनेंगे। पंकज के पिता ने उनसे कहा कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं तो बेशक बनिए, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप डॉक्टर ही बनें। आप डॉक्टर तभी बनें, जब आपको लगे कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं। पंकज के पिता जान गए थे कि उनके पुत्र का रुझान किस तरफ है। वह जान गए थे कि पंकज का दिन हारमोनियम बजाते या गाना गाते बीतता है। पंकज ने गुलाम कादर खान से 13 साल की उम्र में संगीत सीखना शुरू किया। पंकज के बड़े भाई मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया। एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने-ये मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रुपये दिए। इस बीच पंकज उधास

# मेट गाला डेब्यू मेरे लिए सपने जैसा: कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू को सपने जैसा बताया और अपने सभी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कियारा आडवाणी मेट गाला में अपनी शानदार एंट्री के बाद भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कियारा ने सोशल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लेफ्टी की टॉप की वॉयसेज लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। कियारा का अर्न्ड मीडिया वैल्यू 15.3 मिलियन डॉलर रहा। कियारा इतिहास रचते हुए मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री भी बन गईं। कियारा ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत वीडियो साझा किया और एक दिल से लिखा मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने इस खास पल को और उस प्यार को साझा किया जो उन्हें मिला। दुनिया की सबसे बड़ी फैशन नाइट पर, रिहाना, कार्ली क्लॉस और कई ग्लोबल आइकॉन्स के साथ अपना पहला कदम रखते हुए, कियारा ने इस पल को सपने जैसा बताया और सभी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। कियारा ने लिखा, अब भी सब कुछ महसूस कर रही हूं आपके प्यार, अपनापन और जश्न के लिए दिल से आभार। मेरी मेट गाला की पहली झलक को इतना खास बनाने के लिए ध्न्यवाद। आपके मैसेजेस, चीयर और प्यार मेरे लिए सब कुछ हैं।

# केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू में ट्रेलर आउट

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया है। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधरित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने सी-शंकरण का किरदार निभाया है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। वहीं, आर माध्वन वकील नेविल मैककिनले की भूमिका में हैं जबकि अनन्या पांडे ने वकील दिलरीत गिल का किरदार निभाया है। केसरी चैप्टर 2,18 अप्रैल को हिदी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब यह फिल्म तेलुगू भाषा में रिलीज होने जा रही है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया। इस ट्रेलर को जारी करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- लोगों ने उन पर गोलियां चलाई, लेकिन उसने डरने के बजाय सच्चाई से जवाब दिया।

SILVERLINE PRESTIGE SCHOOL
SLPS
Ghaziabad
Google for Education Reference School
Affiliated to CBSE
26 YEARS TRAILBLAZERS OF EXCELLENCE
"Driven by vision, defined by results"
Congratulations
to the Shining Silverliners!
Total Result 100%
Class-XII Board Result 2024-25
SCHOOL TOPPERS
GAURISHA HUMANITIES 99%
VRITEE BHARDWAJ HUMANITIES 98.0%
AKSHITA VERMA HUMANITIES 98.0%
AADI GUPTA SCIENCE (PCM) 97.75%
88.15% STUDENTS SECURED 1ST DIVISION
60.66% STUDENTS SECURED DISTINCTION [ABOVE 75% MARKS]
SAUMYA BHARDWAJ SCIENCE (PCB) 97.25%
MAYANK KUMAR COMMERCE 96.5%
SUBJECT TOPPERS
GAURISHA : 100% POLITICAL SCIENCE
VRITEE BHARDWAJ : 100% PSYCHOLOGY
AANYA AGGARWAL : 100% PSYCHOLOGY
ARIPRA BANSAL : 100% PSYCHOLOGY
AADI GUPTA : 100% ENGLISH
RIDHIMA BALIYAN : 100% ENGLISH
KAUSTUBHI VERMA : 100% ENGLISH
AARYAN NAGAR : 100% ENGLISH
RISHABH YADAV : 100% ACCOUNTANCY
KANISHKA JAYANT : 100% PAINTING
For any query Contact : Ph.: 8920279300
Senior Secondary Branch (Pre Foundation to XII) :
A-2/1, Bulandshahr Road Industrial Area, Near Diamond Flyover, Ghaziabad
Contact : 9810881043
slps@silverlineprestigeschool.com | www.silverlineprestigeschool.com

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Since 2010
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20